mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-243 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

2 सितंबर 2024 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



विनेश फोगाट ने...

@ पेज 7

# शिवाजी की मूर्ति के बहाने महाराष्ट्र में 'खेला' की तैयारी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों से पहले शिवाजी महाराज का स्टैच्यू गिरने का मुद्दा महायुति के परेशानी का सबब बनता जा रहा है। महाविकास आघाडी के नेताओं ने रविवार को

- यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे बोले,अब चुप न बैठें लोग,बाहर निकलें

हुतात्मा चौक से 'गेटवे ऑफ इंडिया' तक प्रोटेस्ट मार्च निकाला। मार्च में शरद पवार, उद्धव ठाकरे और नाना पटोले के अलावा शिवाजी के वशंज और कोल्हापुर से सांसद शाहू महाराज भी मौजूद रहे। इस

### स्टैच्यू गिरने को लेकर एमवीए का मुंबई में प्रदर्शन, दिखाई ताकत

मौके पर शरद पवार ने बड़ा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बयान दिया कि मालवण के राजकोट किले पर छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति हवा के कारण गिर गई। पवार ने कहा कि गेटवे ऑफ इंडिया के सामने की शिवाजी मूर्ति कई सालों से है। यहां तक कि राज्य के कई हिस्सों में ऐसी मूर्तियां आज भी मजबूती से खड़ी हैं। राजकोट किले



में मूर्ति ढहने की घटना भ्रष्टाचार का उदाहरण है। महाराज की प्रतिमा गिरने से देश के शिव प्रेमियों का अपमान हुआ है। महाराष्ट्र कांग्रेस चीफ नाना पटोले ने कहा कि शिवाजी महाराज के नाम पर वोट मांगना और सत्ता में आने के बाद उनका अपमान करना बीजेपी का पेशवा रवैया है। पटोले ने कहा कि बीजेपी सरकार ने गबन और भ्रष्टाचार कर छत्रपति शिवराय का अपमान करने का पाप किया है। मालवण में न केवल शिव राय की मूर्ति गिरी, महाराष्ट्र धर्म को रौंदा गया।

# असम में नमाज ब्रेक पर 'ब्रेक' से मचा घमासान

- एनडीए में ही खटपट, जेडीयू और एलजेपी ने सीएम हिमंता को घेरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के एक फैसले पर अब राजनीतिक घमासान तेज होने लगा है। सरमा ने राज्य विधानसभा में मुस्लिम विधायकों को नमाज के लिए मिलने वाले दो घंटे के ब्रेक को खत्म कर दिया है। इस फैसले की जहां विपक्षी पार्टियां आलोचना कर रहीं, वहीं बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में भी इस फैसले के खिलाफ आवाज उठी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दो प्रमुख सहयोगी दलों जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी ने इस फैसले की आलोचना की है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन अब ग्रेट नहीं, भारत कौ सौंप दे यूएन की अपनी सीट...

- पीएम मोदी के दौरे से पहले सिंगापुर के राजनयिक का बड़ा बयान

**सिंगापुर (एजेंसी)।** सिंगापुर के पूर्व राजनयिक और जानेमाने शिक्षाविद किशोर महबूबानी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल सुधार की मांग की है। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि भारत को स्थायी सदस्यता मिले। उन्होंने



कहा कि भारत परिषद में स्थायी सीट की हकदार है और उसे ये हक मिलना चाहिए। किशोर महबूबानी का ये बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा से ठीक पहले आया है। भारत भी अलग-अलग मंचों से बीते कई वर्षों से लगातार यूएनएससी में स्थायी सीट की मांग करता रहा है।

### केसी त्यागी का जेडीयू प्रवक्ता पद से इस्तीफा

- इजराइल को मदद और अग्निवीर पर उठाए थे सवाल

**पटना (एजेंसी)।** जेडीयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने निजी कारणों का हवाला देकर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह पार्टी ने राजीव रंजन



को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया है। पार्टी के महासचिव आफाक अहमद खान ने लेटर जारी कर इसकी जानकारी दी है। लेटर में लिखा है, जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है।

### अगले 3 महीने में लॉन्च होगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

- रेल मंत्री ने ट्रेन का पहला मॉडल दिखाया,बोले-राजधानी जितना किराया होगा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले मॉडल की झलक दिखाई। वे बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड की फैक्ट्री में ट्रेन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि अगले 3 महीने में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू हो जाएगी। कोच की मैन्युफैक्चरिंग का काम पूरा हो गया है। कुछ दिनों में यह यहां की फैक्ट्री से बाहर आ जाएगी। अगले 2 महीने ट्रेन की टेस्टिंग चलेगी।



# चंद्रग्रहण से सुपर हार्वेस्ट मून तक, दिखेंगे अद्भुत नजारे

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** खगोलीय घटनाओं और सितारों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए सितम्बर का महीने बेहद ही खास होने जा रहा है। इस महीने खगोलविद एक दो नहीं, बल्कि कई न भूलने वाली खगोलीय घटनाओं को होता हुआ देखेंगे। आंशिक चंद्रग्रहण से लेकर सुपर हार्वेस्ट मून तक, सितम्बर की रात में

- सितम्बर महीने में होंगी आसमान में अनोखी खगोलीय घटनाएं

आश्चर्यजनक नजारे देखने को मिलेंगे। यहां उन प्रमुख खगोलीय घटनाओं के बारे में जानते हैं, जिन्हें आप इस महीने देखने से चूकना नहीं चाहेंगे। महीने के तीसरे दिन ही न्यू मून से इसकी शुरुआत होने जा रही है, तो 22 सितम्बर को शरद विषुव के साथ ही सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में प्रवेश करता है। महीने की शुरुआत 3 सितंबर मंगलवार

### न्यू मून से होने जा रही है महीने की शुरुआत,दिलचस्प नजारा



को न्यू मून से होगी। चंद्रमा का यह चरण एक नए चंद्र चक्र की शुरुआत का प्रतीक है। खगोल विज्ञान में न्यू मून पहले चंद्र चरण को कहते हैं। इस दौरान चंद्रमा और सूर्य एक रेखांश पर होते है। इसके चलते चंद्रमा की डिस्क नंगी आंखों से दिखाई नहीं देती। 5 सितम्बर गुरुवार को बुध सूर्य के पश्चिम में सबसे अधिक दूरी पर होगा। यह इस ग्रह को देखने के लिए सबसे सही समय बन जाएगा। हमारे सौर मंडल का सबसे छोटा ग्रह बुध सुबह के समय सूर्योदय से ठीक पहले आसमान में दिखाई देगा। रविवार 8 सितम्बर को शनि ग्रह आकाश में सूर्य के ठीक विपरीत होगा। इस दौरान शनि पृथ्वी के सबसे करीब होगा, जिससे यह सामान्य से अधिक चमकीला और बड़ा हो जाएगा। दूरबीन की मदद से खगोलविद शनि ग्रह के आश्चर्यजनक छल्लों को देख पाएंगे। इस दौरान शायद कुछ बड़े चंद्रमाओं को भी देख सकेंगे। 17 और 18 सितंबर को आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। इस दौरान चंद्रमा का एक हिस्सा पृथ्वी की छाया से होकर गुजरेगा। यह घटना यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में रहने वालों को दिखाई देगी। हालांकि यह पूर्ण ग्रहण नहीं होगा लेकिन यह एक जबर्दस्त नजारा पेश करेगा। 18 सितंबर को सुपर हार्वेस्ट मून की उपस्थिति के लिए चिह्नित किया गया है।

# कोलकाता के बाद अब नार्थ 24 परगना में बवाल

- नाबालिग के यौन उत्पीड़न के बाद एक बार फिर उबला बंगाल

### समझौते की पेशकश के बाद टीएमसी नेता के घर हुई तोड़फोड़

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में अभी कोलकाता के सरकारी आरजी कर हास्पिटल में लेडी डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की घटना पर बवाल थमा नहीं है। इस बीच राज्य के उत्तर 24 परगना जिले में नया मामला सामने आ गया। वहां की एक नाबालिग लड़की के यौन शोषण के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ ने कथित आरोपी के घर और उसके रिश्तेदार की दुकान में

- रैफ की तैनाती, बीरभूम के अस्पताल में नर्स से भी हुई छेड़छाड़

तोड़फोड़ कर दी। स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता ने कथित तौर पर पीड़ित परिवार से 'मामला सुलझाने' के लिए कहा तो भीड़ का गुस्सा बढ़ गया। पीड़िता के पिता ने कहा, आरोपी हमारे गांव का रहने वाला है। मैं सोच भी नहीं सकता था कि वह ऐसा कुछ कर सकता है। मेरी नौ साल की बेटी घर से मेरी दुकान पर आ रही थी। उस समय उसने उसके साथ मारपीट की। मैं उसके लिए कड़ी सजा की मांग करता हूं। पुलिस ने आखिरकार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार रात को रोहांडा पंचायत के




राजबाड़ी इलाके में कथित यौन शोषण की घटना सामने आते ही स्थानीय लोगों ने आरोपी के घर के सामने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिस टीएमसी नेता के कथित हस्तक्षेप से लोगों में व्यापक आक्रोश है, वह एक पंचायत सदस्य का पति है। भीड़ ने पंचायत सदस्य के घर को भी निशाना बनाया, इसलिए इलाके में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को तैनात किया गया और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। पंचायत सदस्य के परिवार ने दावा किया कि पड़ोसी इलाके के विपक्षी सीपीएम के समर्थकों ने हमला किया। एक अन्य घटना में बीरभूम जिले के इलमबाजार इलाके में एक अस्पताल में काम करने वाली एक नर्स ने कहा कि एक रूटीन प्रोसेस के दौरान, एक मरीज ने उसे अनुचित तरीके से छुआ और जब उसका विरोध किया तो उसने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

# अब तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में बारिश ने ढाया भारी कहर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** गुजरात में हुई भयंकर बारिश से अभी राज्य सही तरीके पटरी पर नहीं लौटा है कि दक्षिण राज्य आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बारिश की वजह से तेलंगाना में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। महबूबाबाद जिले में स्थित केसमुद्रम को जोड़ने वाले रेलवे ट्रैक पूरी तरह से जलमग्न हो गया। जिसके कारण से विजयवाड़ा से वारंगल और दिल्ली से विजयवाड़ा जाने वाली

- बह गई ट्रेन की पटरियां, 8 लोगों ने गंवाई अपनी जिंदगी

ट्रेनों को रोक दी गई है। वहीं आंध्र प्रदेश में भारी बारिश की वजह से 8 लोगों की मौत हो गई है। बारिश को देखते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सभी अधिकारियों को संभावित घटना को रोकने के लिए सतर्क रहने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में रह रहे लोगों को शिविरों में चले जाने की सलाह भी दी है। हैदराबाद स्थित मौसम विभाग केंद्र ने जानकारी दी है कि आदिलाबाद, निजामाबाद, कमारेड्डी, महबूबनगर, नारायणपेट समेत कई जिलों में रविवार को भारी बारिश का अनुमान बताया है। इसको लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की मानें तो कोमाराम भीम आसिफाबाद, जगीताल, मुलुगु, भद्रादी कोठागुडेम, खम्मम, वारंगल समेत अन्य जिलों के कुछ स्थानों पर भी बारिश होने की संभावना है। प्रदेश सरकार ने बारिश को देखत हुए राज्य के सभी स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे जान-माल के किसी भी नुकसान से बचने के लिए एहतियात बरतें। आंध्र प्रदेश में हुई भारी बारिश की वजह से बीते शनिवार को



आठ लोगों की मौत हो गई है जिसमें पांच मौतें विजयवाड़ा में भूस्खलन की वजह से हुई है। इसको लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने भूस्खलन पीड़ितों के परिवारों को लिए 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। अधिकारियों ने बताया है कि विजयवाड़ा समेत पूरे आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटे में लगातार बारिश हुई है। विजयवाड़ा में 18 सेमी बारिश भी दर्ज की गई।

# अपने 'चाणक्य' के बयान से तिलमिला उठा चीन!

- जिनपिंग के सरकारी भोंपू ने जमकर निकाली भड़ास

**बीजिंग (एजेंसी)।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के चीन को विशेष समस्या बताने पर बीजिंग प्रशासन तिलमिला गया है।



जयशंकर के बयान पर चीनी सरकार के भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने जमकर भड़ास निकाली है। ग्लोबल टाइम्स ने भारतीय विदेश मंत्री के बयान को बहाना बताया और ये तक कह दिया कि भारत जटिल अंतरराष्ट्रीय संबंधों को संभालने के लिए तैयार नहीं है। ग्लोबल टाइम्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विदेश मंत्री का यह दावा कि एक विशेष चीन समस्या बाकी दुनिया की सामान्य चीन समस्या से कहीं ऊपर है, एक स्वार्थी बहाने की तरह लगता है। ग्लोबल टाइम्स ने आगे लिखा, चीन में निवेश पर प्रतिबंधात्मक नीतियों ने भारत के अत्यधिक आलोचना वाले कारोबारी माहौल को और खराब कर दिया है। स्पष्ट रूप से भारत एक प्रमुख शक्ति से अपेक्षित परिपक्वता और परिप्रेक्ष्य के साथ जटिल अंतरराष्ट्रीय संबंधों को संभालने के लिए तैयार नहीं है।

### हरियाणा चुनाव

# कांग्रेस उम्मीदवारों पर विवाद के बाद मीटिंग का टाइम बढ़ा

### टिकट बंटवारे में हुड्डा ग्रुप को तरजीह से नाराजगी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के उम्मीदवारों को लेकर विवाद हो गया है। इस वजह से कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी उम्मीदवारों



के नाम तय नहीं कर पाई है। यह मीटिंग 4 दिन से दिल्ली में चल रही है। अब इसकी बैठक दो दिन और बढ़ा दी गई है। इसमें सिंगल नाम वाले उम्मीदवारों का पैनल तैयार कर पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा जाएगा। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक टिकट बंटवारे में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा का गुट भारी पड़ रहा है। लोकसभा चुनाव की तरह यहां भी हुड्डा की पसंद से टिकट बांटे जा सकते हैं। इसे देखते हुए कांग्रेस में उनकी विरोधी सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने भी अपनी 90 सीटों की लिस्ट हाईकमान को थमा दी है। टिकट बंटवारे पर फाइनल

- सैलजा ने हाईकमान को 90 सीटों की लिस्ट थमाई

मुहर लगाने के लिए कल 2 सितंबर को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की मीटिंग होनी है। बता दें कि कांग्रेस ने जुलाई में विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से टिकट के लिए आवेदन मांगे थे। महीने भर चली प्रक्रिया में पार्टी को 90 सीटों के लिए 2556 आवेदन मिले। कई सीटों पर 40 से ज्यादा दावेदारों ने टिकट के लिए आवेदन किया है।

# बांग्लादेश में हिंदू शिक्षकों से मांगा जा रहा इस्तीफा

- यूनुस सरकार ने बॉर्डर पर बढ़ाई सुरक्षा,कहा-भारत कोई न भागे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद बांग्लादेश में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। हसीना के इस्तीफे और देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं समेत



अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। अब हिंदू, बौद्ध और ईसाई शिक्षकों से जबरन इस्तीफा देने को मजबूर करने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 49 शिक्षकों से जबरन इस्तीफा लिया गया है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश छात्र ओइक्या परिषद ने जटिया प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात का खुलासा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### 63वीं राष्ट्रीय ओपन एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप 2024 बेंगलौर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** 30 अगस्त से 02 सितम्बर 2024 तक 63वीं राष्ट्रीय ओपन एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन बेंगरूलु ( कर्नाटक ) में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण और 2 रजत सहित कुल 3 पदक अर्जित किए। प्रतियोगिता में अब तक अकादमी के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण और 3 रजत सहित 4 पदक प्राप्त किये हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन म.प्र. राज्य खेल अकादमी के एथेलेटिक्स खिलाड़ी रीतेश ओहरे ने 1500 मी. पुरूष स्पर्धा में एथेलेटिक्स खेल का शानदार प्रदर्शन कर 3॓47.41 सेकेण्ड का समय लेकर स्वर्ण अपने नाम किया। वही खेल अकादमी की ही खिलाड़ी कु. दीक्षा ने भी अच्छा खेल प्रदर्शन कर 4॓25.91 सेकेण्ड का समय लेकर रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा अकादमी के ही खिलाड़ी अंशु पटेल ने पोल वॉल्ट इवेन्ट में 5.00 मी की छलांग लगाकर रजत पदक अपने नाम किया। इसी प्रतियोगिता के शाटपुट इवेन्ट में खेल अकादमी के खिलाड़ी समरदीप गिल ने 18.32 मी. लम्बा गोला फेंक फायनल मुकाबले में प्रवेश कर लिया है। खेल अकादमी पदक विजेता खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है।

### प्रदेश में विकास योजनाओं को तेज गति देने के लिये टीडीआर पोर्टल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में सरकारी विकास परियोजनाओं के लिये भूमि प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने और पारदर्शी बनाने के लिये नगर तथा ग्राम निवेश (टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग) ने हस्तांतरणीय विकास अधिकार पोर्टल (टीडीआर पोर्टल) तैयार किया है। यह पोर्टल एमपीएसईडीसी के माध्यम से तैयार हुआ है। इस पोर्टल को तैयार करने का उद्देश्य योजनाबद्ध और नियंत्रित विकास को प्रोत्साहित करना है। पोर्टल के माध्यम से भूमि स्वामी अपनी भूमि की विकास क्षमता को एक स्थान से दूसरे स्थान पर हस्तांतरित कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में 12 अगस्त को हुए समारोह में टीडीआर पोर्टल को लांच कर नागरिकों को सुविधा प्रदान की थी। प्रदेश में कोई भी सरकारी एजेंसी, जिसे अपनी परियोजना के क्रियान्वयन के लिये किसी भूमि की आवश्यकता होती है, वह टीडीआर पोर्टल के माध्यम से उस भूमि को प्राप्त करने के लिये आवेदन कर सकती है। इसके बाद जिस भी भूमि स्वामी द्वारा शासकीय परियोजनाओं के लिये निऱ्शुल्क भूमि दी जाती है, उसे उसकी समर्पित की गई भूमि के कम से कम दोगुने क्षेत्र के विकास अधिकार की पात्रता मिलती है। भूमि स्वामी स्वयं इन विकास अधिकारों का उपयोग कर सकता है या टीडीआर बैंक के माध्यम से इन्हें बेच सकता है। इसके अतिरिक्त इस पोर्टल पर आम नागरिकों या किसी निर्माण संस्था द्वारा भी इन्हें खरीदा जा सकता है। टीडीआर पोर्टल के माध्यम से क्रेता और विक्रेता दोनों ही अपनी आवश्यकतानुसार एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं। टीडीआर पोर्टल पर समस्त वितरित किये गये विकास अधिकारों की सूची भी उपलब्ध रहेगी, जिसे देखा जा सकता है। टीडीआर पूर्णतऱ सुरक्षित एवं यूजर फ्रेण्डली है। यह भूमि अधिग्रहण की विकास क्षमता के उपयोग को सरकार और भू-स्वामी, दोनों के लिये लाभकारी बनाता है।

### प्रदेश में साक्षरता सप्ताह की शुरूआत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में एक सितम्बर से साक्षरता सप्ताह मनाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने व्यापक तैयारियाँ की हैं। साक्षरता अभियान की गतिविधियों को लेकर राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं। साक्षरता सप्ताह के दौरान सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में साक्षरता के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही राज्य में संचालित उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में बताया जायेगा। प्रदेशभर में 2 सितम्बर को साक्षरता रैली आयोजित की जायेगी। रैली में विद्यालय, महाविद्यालय, नेहरू युवा केन्द्र, जन-अभियान परिषद, अक्षर साथियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। तीन सितम्बर को सर्वे कार्य किया जायेगा। सर्वे के दौरान यदि किसी घर में सभी सदस्य साक्षर हैं, तो इसका प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा। साक्षर होने की स्थिति में घर के बाहर सम्पूर्ण साक्षर परिवार'' लिखा जायेगा। निर्देश में यह भी कहा गया है कि अक्षर साथी के घर की बाहरी दीवार पर अक्षर साथी निवास'' लिखा जायेगा। प्रत्येक शिक्षक की जवाबदारी तय की गई है कि वे छात्र-छात्राओं से समूह बनाकर कम से कम 5 घरों में साक्षरता संबंधी जानकारी एकत्र करें। साक्षरता सप्ताह के दौरान 4 सितम्बर को प्रत्येक ग्राम में शिक्षक द्वारा असाक्षर पंजी का संधारण किया जायेगा। सर्वे में पाये गये प्रत्येक असाक्षर को ईच वन-टीच वन'' के रूप में योजना तैयार की जायेगी। शिक्षक दिवस 5 सितम्बर को विद्यालय, महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में शिक्षकों द्वारा साक्षरता के महत्व और सभी के लिये शिक्षा पर परिचर्चा आयोजित की जायेगी।

# नियमों की अनदेखी करने वाले कोचिंग संस्थानों पर होगी कठोर कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्कूल शिक्षा मंत्री एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जो कोचिंग संस्थान नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रहे हैं, उन पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा ऐसे कोचिंग संस्थान, जिनमें शाम 6 बजे के बाद छात्राएँ पढ़ने के लिये जाती हैं, वहाँ उनकी सुरक्षा जिला प्रशासन सुनिश्चित करे। मंत्री श्री सिंह आज बालाघाट में जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक सर्वश्री राजकुमार कार्रहे, संजय उइके, मधुभगत, विक्की पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि मौजूद थे। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान जिले में संचालित सीएम राइज स्कूलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीएम राइज स्कूल हर जनपद स्तर पर बनाये जा रहे हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि



स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये बीईओ, बीआरसी एवं जन-शिक्षक निरंतर रूप से निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों को भी मॉनिटरिंग का दायित्व सौंपा जायेगा।

उन्होंने खाद्य और सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि जिले में उपार्जन केंद्र बढ़ाये जायें। उन्होंने जिले में गोदामों की संख्या बढ़ाने के संबंध में भी निर्देश दिये। मंत्री श्री सिंह ने मरम्मत योग्य स्कूलों और सड़कों के संबंध में बरसात के बाद कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर संवादहीनता नहीं होनी चाहिये। जन-प्रतिनिधियों को लगातार योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया जाये।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने मंत्री श्री सिंह को बेहतर परिणाम देने की बात कही है। मंत्री श्री सिंह ने मोती तालाब और वारासिवनी सीएम राइज स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया।

## इंदौर में बनी दवाइयाँ 20 देशों तक होती हैं निर्यात

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में औद्योगिक निवेश के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने के प्रयास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार कर रहे हैं। राज्य सरकार प्रदेश में संचालित औद्योगिक इकाइयों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मदद कर रही है। कुछ औद्योगिक इकाइयों ने अपने उत्पादों की बिक्री के लिये विदेशों में भी बाजार ढूंढा है। इनमें से इंदौर की एक इकाई मॉडर्न लैबोरेटरीज भी है। अच्छे व्यापार के कारण वर्ष 2023 में एमएसएमई मंत्रालय के कार्यक्रम में इनके उद्योग को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित भी किया जा चुका है। इंदौर के खरया परिवार द्वारा शुरू किए गए व्यापार को इस तरह अपनाया कि दिन दोगुनी-रात चौगुनी तरक्की करता गया। खरया परिवार फार्मा इंडस्ट्री में जाना-पहचाना नाम है। मॉडर्न लैबोरेटरीज के मैनेजिंग पार्टनर श्री अरुण खरया और श्री अनिल खरया बताते हैं कि पिता प्रभातचंद्र ने वर्ष 1979 में इंदौर के सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में मॉडर्न लैबोरेटरीज शुरू की थी। इसके पूर्व उनके दादाजी भी मंडला में यही काम करते थे। वर्तमान में मॉर्डन लैबोरेटरीज एंटीबायोटिक्स, एंटीबैक्टीरियल, आंखों के ड्रॉप सहित 250 प्रकार की दवाइयाँ तैयार करती है। लैबोरेटरीज में विटामिन टैबलेट, दर्द निवारक, डायबिटीज की दवा सहित वैटनरी दवा भी तैयार की जा रही है। अभी तक भारत में विदेश से दवाएँ आयात की जाती थीं, लेकिन उनके परिवार ने कंपनी के व्यापार को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया और विदेश तक इंदौर में बनी दवाएँ पहुँचाने का काम किया। उनकी कंपनी वर्तमान में 20 देशों तक दवा का निर्यात कर रही है। अब इनकी कंपनी सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में 30 करोड़ रुपये की लागत से वैश्विक स्तर की सुविधा वाला दवा निर्माण प्लांट भी तैयार कर रही है। दवा निर्माण के अलावा खरया परिवार ने फार्मा एजुकेशन के क्षेत्र में कदम रखा और शैक्षणिक संस्थान की शुरुआत की। कंपनी एमबीए एवं अन्य कोर्स का संचालन कर रही है। अनिल बताते हैं कि पिता की स्मृति में हमने फार्मा इंस्टिट्यूट शुरू किया था। हमारे संस्थान में 1400 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इस तरह दवा निर्माण फैक्ट्री व शैक्षणिक संस्थान में 600 लोगों को रोजगार मिल रहा है।


## बिंदु जुनेजा ने मध्यप्रदेश उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में ओड़िसी नृत्य की दी प्रस्तुति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश भवन में आयोजित 'मध्यप्रदेश उत्सव' की सांस्कृतिक संध्या में आज श्रीमती बिंदु जुनेजा और उनकी शिष्या सुश्री कल्याणी फागरे ने ओड़िसी नृत्य की प्रस्तुति दी। नृत्य प्रस्तुति मंगलाचरण से आरंभ हुई जिसमे देवी के नौ रूपों का चित्रण किया गया, मंगलाचरण की समाप्ति गंधर्व-गीत से हुई। इसके पश्चात नर्मदा स्तुति और राग शंकराभरणम् पल्लवी की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ से हुआ। मध्यप्रदेश भवन में 30 अगस्त से 2 सितंबर, 2024 के बीच आयोजित हो रहे %मध्यप्रदेश



उत्सव% में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम हो रहा है। श्रीमती बिन्दु जुनेजा ओडिसी की विख्यात नृत्यांगना हैं। उन्होंने गुरुमा माधवी मुदगल और गुरु केलुचरण महापात्र से ओडिसी की शिक्षा ली है। वे भोपाल में पर्ण नाम की एक अकादमी भी चलाती हैं, जिसमें वो बच्चों को ओडिसी नृत्य की शिक्षा देती हैं। इनके द्वारा देश के साथ-साथ, विदेशों में भी मंच प्रस्तुतियां दी जा चुकी है।

# भीड़भाड़ वाले स्थानों से दूर 50 से अधिक ऑफबीट डेस्टिनेशन किए जा रहे हैं विकसित




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में भीड़भाड़ वाले पर्यटन स्थलों को प्रबंधित करने और शांति की चाह रखने वाले पर्यटकों के लिए 50 नए ऑफबीट डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे है। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार उत्पन्न करने और समुदाय की महिलाओं को पर्यटन से जोड़ने की दिशा में पर्यटन क्षेत्र में 40 हजार से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला होटल ताज में इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के 39वें अधिवेशन के दूसरे दिन के पहले सत्र में %रिसर्जेंट इंडिया इनबाउंड - चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच भारत को फिर से स्थापित करने की रणनीति% विषय पर व्यावसायिक सत्र को संबोधित कर रहें थे। सत्र में विशेष सचिव पर्यटन उत्तर प्रदेश सुश्री ईशा प्रिया, एबरक्रॉम्बी एंड केंट के एमडी विक्रम मधोक ने भी संबोधित किया। सत्र का संचालन श्री अरविंद सिंह केन्द्रीय सचिव (सेवानिवृत्त) ने किया। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करने की आवश्यकता है और पहले दिन से ही कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इनबाउंड पर्यटन के लिए सही पारिस्थितिकी-तंत्र बनाने के लिए काम किया जा रहा हैं।

## अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के विकास के लिये राज्य शासन कई जन-कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रहा है। इसमें राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति बस्तियों के विकास एवं विद्युतीकरण की योजना के अंतर्गत अधोसंरचना विकास किये जा रहे हैं। प्रदेश की अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्तियों के अधोसंरचनात्मक विकास के लिये संचालित योजना में 15 मई, 2018 को संशोधन किया गया है। योजना नियमों में अनुसूचित जाति बस्ती से तात्पर्य ऐसे ग्रामों, वार्डों, मोहल्लों, मजरे-टोले और पारे से है, जिनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 40 प्रतिशत एवं उससे अधिक हो, ऐसी बस्तियों में अधोसंरचनात्मक विकास के कार्य किये जा रहे हैं। अनुसूचित जाति बस्तियों में सीसी रोड, नाली निर्माण, मंगल भवन, हैण्ड-पम्प खनन, मुख्य सड़क से अनुसूचित जाति बस्तियों और छात्रावासों तक सड़क निर्माण, रपटा और पुलिया निर्माण के कार्य कराये जाने का प्रावधान है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्तियों में विद्युत लाइन विस्तार संबंधी योजना भी संचालित की जा रही है। अनुसूचित जाति वर्ग के विकास के लिये योजना मद में बजट का प्रावधान किया जाता है। बजट प्रावधान के अंतर्गत विकास के कार्य किये जा रहे हैं। भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कम से कम 500 आबादी वाले ग्राम, जिसमें अनुसूचित जाति की 50 प्रतिशत जनसंख्या निवासरत है, ऐसे ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना वर्ष 2014-15 से प्रारंभ की गई है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत मुख्य रूप से दो प्रकार के कार्य किये जाते हैं।

# एसजीएसआईटीएस संस्थान इंदौर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा मिला ग्रेड




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने प्रदेश के इंदौर स्थित श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआईटीएस) को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा ग्रेड प्रत्ययित होने की महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि मिलने पर तकनीकी शिक्षा विभाग एवं संस्थान परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रही है। राज्य सरकार, विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारमूलक तकनीकी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआईटीएस) इंदौर का तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा निर्धारित मानकों पर खरा उतरना प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। श्री परमार ने कहा कि नैक द्वारा प्रत्ययन से वंचित प्रदेश के समस्त तकनीकी शिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय भी राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के मानकों पर खरा उतरने के लिए प्रयास करें। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की टीम ने 22 से 23 अगस्त 2024 तक एसजीएसआईटीएस संस्थान का निरीक्षण कर संस्थान में पाठ्यक्रम गुणवत्ता, शिक्षण-प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन, शोध, नवाचार, आधारभूत ढांचा एवं संसाधन, विद्यार्थी सहयोग एवं प्रगति, गवर्नेंस, लीडरशिप मैनेजमेंट आदि मानकों के आधार पर परखा था।

# पेरिस पैरालम्पिक 2024 (फ्रांस) में खेल अकादमी की शूटिंग खिलाड़ी कु. रूबीना फ्रांसिस ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** 28 अगस्त से 08 सितम्बर 2024 तक पैरालम्पिक गेम्स का आयोजन पेरिस (फ्रांस) में किया गया। खिलाड़ी कु. रूबीना फ्रांसिस ने वूमेंस 10एम. एअर पिस्टल एसएच-1 इवेंट में कांस्य पदक अर्जित कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया। पेरिस में आयोजित पैरालिम्पक गेम्स में वूमेंस 10एम. एअर पिस्टल एसएच-1 इवेंट मे ईरान की जवानमार्दी एस. 236.8 अंको के साथ स्वर्ण पदक, तुर्की की ओज्गन ए. 231.1 अंको के साथ रजत और भारत की रूबीना फ्रांसिस 211.1 अंको के साथ कांस्य पदक अर्जित किया। जबलपुर निवासी कु. रूबीना फ्रांसिस वर्ष 2015 में



राज्य खेल अकादमी से जुड़ी थी। यह रूबीना का दूसरा ओलम्पिक है, इससे पूर्व टोक्यो ओलम्पिक में पदक से वंचित हो गई थी। रूबीना ने लगातार वर्ष 2017 एवं 18 में 02 बार जूनियर रिकार्ड बनाया है और 01 बार वर्ष 2018 फ्रांस में वर्ल्ड रिकार्ड की बराबरी की थी। कु. रूबीना फ्रांसिस ने 10 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अब तक 03 स्वर्ण, 02 रजत और 01 कांस्य सहित कुल 06 पदक अर्जित किये हैं। वही राष्ट्रीय स्तर पर भी 13 स्वर्ण, 03 रजत और 01 कांस्य सहित 17 पदक अर्जित कर प्रदेश का गौरव बढाया है। खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई देते हुये खिलाड़ी कु. रूबीना फ्रांसिस के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये बताया रूबीना ने पैरालम्पिक में पदक जीतकर इतिहास रचा है।

रूबीना प्रदेश के लिए नई रोल मॉडल बन गई है। विपरीत परिस्थितियों में पदक अर्जित कर रूबीना ने प्रदेश और देश को गौरवान्वित किया है। कु. रूबीना की इस उपलब्धि पर अपर मुख्य सचिव खेल श्रीमती स्मिता भारद्वाज और संचालक खेल ने भी रूबीना के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर बधाई दी है।

# बैगा आदिवासी को पीटने वाला एएसआई सस्पेंड

## समुदाय के लोगों ने की शिकायत, एसपी ने लिया एक्शन

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली में बैगा परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट और दहशत फैलाने के आरोप में जिला पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने रविवार को सरई थाने के बरका चौकी में तैनात एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक दिन पहले ही इसके खिलाफ लोगों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत की थी।

**बैगा आदिवासी महिलाओं से भी करता था मारपीट:** बरका चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक रामजी पांडे पर एक बैगा जाति के युवक के साथ मारपीट करने का आरोप है। पीड़ित की आंखों पर गंभीर चोट आई थी, जिसका मेडिकल परीक्षण भी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कराया गया।

शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक न सिर्फ पीड़ित बैगा परिवार के साथ बल्कि अन्य ग्रामीण और महिलाओं के साथ





भी मारपीट करता है। शिकायत के आधार पर जांच सही पाई गई। इसके बाद रामजी पांडे को निलंबित कर दिया।

**इसलिए की मारपीट:** जानकारी के अनुसार पीड़ित का क्षेत्र में शुक्रवार को झगड़ा हुआ था, जिसकी शिकायत लेकर वह बरका चौकी गया था। जहां रामजी पांडे उसे एक मोबाइल नंबर दिया और कहा कि अगर आगे लड़ाई हो तो कॉल कर देना। पीड़ित जब यह नंबर लगाया तो ये गलत निकला। इस पर पीड़ित ने रामजी पांडे के पास चौकी कहा अपने गलत नंबर दिया है। इससे भड़के रामजी पांडे ने उसकी धुनाई कर दी।

**पहले भी हो चुकी है कार्रवाई:** इसके पहले भी रामजी पांडे पर 31 मार्च 2024 को खुटार चौकी में रहते हुए कई गंभीर आरोप लगे थे रामजी पांडे खुटार चौकी पर रहते हुए अपना सरकारी पिस्टल निकाकर लोगों को धमकाते हुए दिखे थे, जिसकी वजह से उन्हें पहले भी सजा मिल चुकी है। उन्हें लाइन अटैच किया गया था।

**जांच में मामला सही पाया गया:** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक पर कई आवेदकों द्वारा मारपीट की शिकायत की गई थी। जांच के उपरांत मामला सही पाए जाने पर सहायक उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

## भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के मोर्चा प्रकोष्ठों की जिला स्तरीय संयुक्त कार्यशाला लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश मंत्री और जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम की विशिष्ट उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन हुआ। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मोर्चा और प्रकोष्ठ पार्टी का महत्वपूर्ण अंग है। सदस्यता अभियान में मोर्चा और प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। सभी उत्साह के साथ सदस्यता अभियान में जुटे। सांसद ने कहा कि जो व्यक्ति 5000 से अधिक सदस्य बनाए, उसे ऐतिहासिक या फिर धार्मिक स्थल की हवाई यात्रा पर भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि मेरे सांसद बनने के पश्चात मैं आप सभी से एक साथ रूबरू होने के लिए लालायित था। प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पांडे ने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है, इसलिए पार्टी के अंदर भी सदस्यता, अध्यक्ष निर्वाचन, कार्यकारिणी गठन आदि प्रक्रिया होती है। धौंहनी विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि एक मोर्चे पर सेना लड़ती है जो बॉर्डर कहलाता है और दूसरे मोर्चे पर जो पार्टी का मोर्चा होता है वह पार्टी के लिए समर्पित भाव से पार्टी के कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करता है।

## पन्ना में देर शाम बदला मौसम,10 मिनट तक गिरा पानी, 24 घंटे में 2 मिमी बारिश



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना में रविवार सुबह से मौसम साफ रहा और शाम होते ही अचानक तेज बारिश होने लगी। इस दौरान करीब 10 मिनट तक पानी गिरा। बीते 24 घंटे में जिले में सिर्फ 2 मिमी बारिश दर्ज की गई है और यह बारिश सिर्फ पन्ना जिला मुख्यालय में ही हुई है। बाकी तहसीलों ने मौसम साफ रहा। वहीं अब तक कुल 903.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि जिले की सामान्य बारिश 1176.4 मिमी है।

जिले में इस साल एक जून से 1 सितंबर तक हुई बारिश की बात करें तो कुल 903.4 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 783.4 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा पवई में 1301.0 मिमी दर्ज की गई है। सबसे कम देवेन्द्रनगर में 650.3 मिमी दर्ज की गई है। पन्ना में 855.4 मिमी, गुनौर में 736.2 मिमी, अमानगंज में 984.1 मिमी, सिमरिया में 1134.9मिमी, शाहनगर में 799.8 मिमी, रैपुरा में 938.8 मिमी और अजयगढ़ में 729.8 मिमी पानी गिरा है।

# बैंककर्मी की बीच सड़क पर की पिटाई

## घटना के बाद आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटी

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले में मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आरोपियों ने युवक की लाठी डंडों से जमकर पिटाई की है वह भी बीच चौराहे पर। पुलिस ने एक नाम जद आरोपी के साथ दो अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

**महिला को लेकर हुआ विवाद:** रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो असल में बैढन कोतवाली थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौक का बताया जा रहा है, जिसमें आरोपी अमन शर्मा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर एक बैंककर्मी के साथ मारपीट करते हुए दिख रहा है। पुलिस की माने तो विवाद असल में किसी महिला के चलते हुआ था।





**घटना के बाद से आरोपी फरार:** पुलिस के अनुसार पीड़ित बैंककर्मी है और उनके साथ महिला काम करती है, जिससे अमन शर्मा का भी संबंध था। इसी के आधार पर अमन पीड़ित बैंककर्मी से रंजिश रखता था और मौका पाकर उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट की है। सभी आरोपी इस घटना के बाद फरार हो गए हैं, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**आरोपी की तलाश जारी:** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस को तकरीबन 10 दिन पहले ही इस वीडियो के बारे में जानकारी मिल गई थी। वीडियो के आधार पर आरोपी अमन शर्मा और उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ धारा 307 के तहत मुकदमा पंजीबद्ध कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने भुईमाड़ थाने का किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव निरीक्षण हेतु भुईमाड़ थाना पहुँचें। जहॉ थाना के कार्यों और आम जनमानस की समस्याओं का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को निर्देशित कियें कि थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुने और त्वरित रूप से उचित विधिक मदद करें। एएसपी थाने में बुनियादी सुविधाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति और उनके कामकाज की समीक्षा की। थाना परिसर में साफ सफाई, कंप्यूटर कक्ष, दस्तावेज़ों की व्यवस्थापन और अपराध नियंत्रण के उपायों की स्थिति का मूल्यांकन कियें। उन्होंने थाने के कार्यभार, केस डायरी और शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की भी जांच की। पुलिसकर्मियों से बातचीत के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने उनकी समस्याओं और कार्य की कठिनाइयों को सुना और शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इसके उपरांत आम जनमानस से भी संवाद स्थापित किया। इस दौरान भुईमाड़ थाना प्रभारी तेजभान सिंह, कुशमी थाना प्रभारी भूपेश बैस, मड़वास चौकी प्रभारी केदार परौहा, सरपंच केशलार, भुईमाड़ पेशा एक्ट अध्यक्ष अरूण पनिका, कबीरदास गुप्ता सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहें।

# पवई में आदिवासी महिला से रेप

## पुलिस ने सीएम राइज स्कूल में टाइल्स लगाने वाले ठेकेदार को पकड़ा

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले के पवई थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल में मजदूरी करने वाली महिला से रेप का मामला सामने आया है।

पीड़ित महिला ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार आदिवासी महिला पवई के निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल में मजदूरी का कार्य कर रही थी। शनिवार को महिला के साथ सीएम राइज स्कूल के टाइल्स ठेकेदार ने दुराचार की घटना को अंजाम दिया है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने पर की।

एसडीओपी सौरव रत्नाकर ने थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी को निर्देश दिए। इसके बाद टाइल्स ठेकेदार पर बलात्कार का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।




थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार को सीएम राइज स्कूल में मजदूरी का काम कर रही महिला ने शिकायती आवेदन दिया था। जिसमें उल्लेख किया था कि उसके साथ टाइल्स ठेकेदार ने दुष्कर्म किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को रात में ही गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूंछताछ की जा रही है।

दरअसल, जुलाई महीने में पन्ना जिला मुख्यालय का निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल सुर्खियों में बना रहा है। यहां एक मजदूर की मौत तीसरी मंजिल से गिरकर हो गई थी। आज तक सीएम राइज ठेकेदार ने मृतक के परिजनों को राहत राशि नहीं दी है।

# 20 हजार के इनामी फरार

## हत्याकांड के मुख्य आरोपी सहित 4 लोगों को पुलिस ने भेजा जेल

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने रविवार की देर शाम हत्याकांड के 20 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 1 अगस्त को शिवम मिश्रा हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने बताया कि 1 अगस्त की देर रात थाना में शिवम मिश्रा उम्र 26 वर्ष के परिजनों ने गुम होने की सूचना दी थी। थाना पुलिस ने गुमशुदगी कायम का मामला दर्ज किया। घटना के दौरान मिले साक्ष्य और सबूतों आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की।

एक दिन बाद एसडीईआरएफ और पुलिस टीम के सर्च ऑपरेशन में गुमशुदा शिवम का मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश की सीमा पर शव धसान नदी में मिला। थाना पुलिस ने हत्या का




अपराध दर्ज किया। उसके पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। इसके बाद पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी दीपांशु पालिया व सह आरोपी राहुल विश्वकर्मा, मोहित रैकवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके बाद इसी घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई।

मुखबिर की सूचना पर शनिवार की देर रात हत्या में फरार आरोपी नीलेश अग्निहोत्री निवासी छतरपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसे रविवार की देर शाम जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। सिविल थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि इस हत्याकांड में तीन आरोपियों को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। इसी मामले में फरार 20 हजार के आरोपी निलेश अग्निहोत्री को गिरफ्तार किया है। जिसे जेल भेज दिया गया है।

## आज से शिक्षक काली पट्टी बांध कर करेंगें विरोध प्रदर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जय भारत सिंह चौहान जिला अध्यक्ष नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मध्यप्रदेश सीधी ने बताया कि केन्द्र सरकार ने 24 अगस्त 2024 को केन्द्रीय कर्मचारियों अधिकारियों के लिए नेशनल पेंशन स्कीम के स्थान पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम की घोषणा कर दी। प्रधानमंत्री की घोषणा के तुरंत बाद से देश भर में केंद्रीय व राज्य के शिक्षक कर्मचारी अधिकारी ने विरोध करना शुरू कर दिया। यूनिफ इड पेंशन स्कीम, नेशनल पेंशन स्कीम से ज्यादा खराब है, शिक्षक कर्मचारी अधिकारी इसके विरोध में 2 से 6 सितंबर 2024 तक देश के समस्त शासकीय प्रतिष्ठानों में शिक्षक कर्मचारी अधिकारी काली पट्टी बांध कर अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही शिक्षक प्रधानमंत्री भारत सरकार से पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने का आग्रह करेगें।

## शासकीय विद्यालय सतनरा में जनमाष्टमी पर हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतनरा कठास में जनमाष्टमी के अवसर पर आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों को जीवन में उतारने को प्रेरित किया। विद्यालय के श्रवण शुक्ल ने बताया कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा द्वारा प्रभु के महत्ता के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इसके उपरांत रविशंकर शुक्ला के मार्गदर्शन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्णा की पूजा अर्चना कर दीप जलाकर संस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने कृष्ण रूप सजा में भाग लेकर भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया।



**अमरपाटन।** हेल्थ टीम ने बीएमओ डॉ. सूरज ठकुरिया को अमरपाटन के बीएमओ के रूप में 2 वर्ष पूर्ण करने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। डॉ सूरज ठकुरिया का 2 वर्ष का बेदाग कार्यकाल रहा है तथा इनको निष्पक्ष और कठोर निर्णय लेनें वाले बीएमओ के रूप में जाना जाता है।

# हॉस्पिटल के टॉयलेट में डिलीवरी, नवजात की मौत

## पति बोला-हाथ-पांव जोड़े फिर भी नर्स नहीं आई, कहा-यहां से भाग जाओ, 2 हजार मांग रही थी

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के ईशानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार रात करीब 11 बजे महिला ने टॉयलेट में बच्ची को जन्म दिया। प्रसव के बाद ही नवजात की मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि अस्पताल में नर्स ने डिलीवरी कराने के लिए 2 हजार रुपए मांगे थे। पैसे नहीं दिए तो नर्स ने जिला अस्पताल जाने के लिए कह दिया। पति ने हाथ-पांव जोड़े तो उसने कहा- यहां से भाग जाओ।

इसी दौरान महिला वॉशरूम गई जहां डिलीवरी हो गई। इससे नाराज परिजन रविवार को ईशानगर थाने पहुंचे। उन्होंने नर्स समेत अस्पताल के बाकी स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। मामले में छ्श्वह्र आर पी गुप्ता ने कहा कि जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

**पैसे नहीं दिए तो जिला अस्पताल जाने को कहा:** सलैया की रहने वाली प्रेम बाई पति





बालकिशुन आदिवासी (24) को शनिवार रात को प्रसव पीड़ा हुई थी। परिजन उसे रात 11 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईशानगर लेकर पहुंचे। आरोप है कि अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात नर्स ने बालकिशुन आदिवासी से 2 हजार रुपए मांगे। पति ने हाथ-पांव जोड़े। फिर भी नर्स नहीं मानी। उसने कहा- यहां से भाग जाओ।

**हाथ-पांव जोड़े लेकिन नर्स साथ नहीं गई:** इसके बाद उसे वहां से भगा दिया और महिला को छतरपुर ले जाने के लिए कहने लगी। तभी महिला जेठानी के साथ वॉशरूम गई। उसी समय उसका दर्द बढ़ गया। वह चीखने-चिल्लाने लगी। परिजन भी फौरन उसके पास पहुंचे। तब तक डिलीवरी हो चुकी थी।

परिजन नर्स को बुलाने गए, लेकिन उसने आने से इनकार कर दिया। परिजन का कहना है कि करीब 10 मिनट तक वे नर्स और स्टाफ को मनाते रहे, लेकिन वे साथ नहीं गए। उधर, वॉशरूम में गिरने से नवजात बच्ची को चोट आई और उसकी मौत हो गई।

**अगली सुबह थाने में की शिकायत:** नर्स और अस्पताल स्टाफ के रवैये से दुखी परिवार रविवार सुबह ईशानगर थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। थाना प्रभारी किशोर कुमार पटेल ने बताया कि पीड़ित परिवार ने शिकायती आवेदन दिया है। जिसमें अस्पताल की नर्स और चिकित्सकों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मामले की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**सीएमएचओ- एसडीएमने अस्पताल प्रबंधन को फटकार लगाई:** मामला सामने आने के बाद छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देश पर ईशानगर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे सीएमएचओ आरपी गुप्ता और स्ठ्ठरू अखिल राठौर मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इस लापरवाही के लिए अस्पताल प्रबंधन को फटकार भी लगाई।

# विचार

## रंगीन मिजाज था मोहम्मद शाह रंगीला

मुगलिया सल्तनत के चश्मो चिराग और शाहजहां के लखते जिगर बड़े अजीबो-गरीब मिजाज और हैरतअंगेज हरकतें करने वाला बादशाह मोहम्मद शाह रंगीला हुआ है। उसका पूरा नाम अबु-अल-फतह रोशन अख्तर नसीरुद्दीन मोहम्मद शाह था। हुस्नों जमाल, ऐशो इशरत और शराब नोशी के कारण उसे रंगीला कहा जाने लगा। हवस परस्ती में उसका कोई सानी न था। वह एक खूबसूरत नौजवान था। सैयद बंधुओं ने उसे 17 वर्ष की आयु में तख्ते ताऊस पर बैठा दिया। वह न ही दीनी और न ही दुनियावी इलम से वाकिफ था। न ही उसे कोई प्रशासन का तजुर्बा था। 1722 तक उसने अपने पर अंकुश लगाने वाले सैयद भाइयों से छुटकारा पा लिया और पूरी तरह एक निरंकुश बादशाह बन गया। गद्दीनशीन होते ही उसने हुक्म जारी किया कि देश की सभी हुस्न बानों पर केवल बादशाह का अधिकार है। लोगों ने अपनी बहू-बेटियों को सुरक्षित रखने के लिए बुर्के पहनवा दिए। यहां तक कि घर में भी महिलाएं बुर्के में रहने लगीं। लोग अपनी खूबसूरत बेटियों को छिपा-छिपा कर रखने लगे। वह घाघरा, चोली और पांव में घुंघरू डाल कर दरबार में नाचने वाला तथा तख्त पर बैठने वाला पहला और आखिरी मुगल बादशाह था। एक रोज वह अल्फ नंगा होकर दरबार में आ गया। सभी लोग आश्चर्य में पड़ गए पर बेबस वजीर कुछ न बोल सके। कई बार वह हुक्म देता कि जेल में बंद सब कैदियों को रिहा कर दिया जाए और फिर कुछ दिनों के बाद नया हुक्म जारी करता कि जितने कैदियों को छोड़ा गया है उतने ही लोगों को पकड़कर जेल में डाल दिया जाए। उसने अपने शाही घोड़े को दरबारे खास में लाकर मंत्री की उपाधि से सुसज्जित कर दिया और हुक्म दिया कि घोड़े की हुक्म हदूली करने वाले को सख्त सजा दी जाएगी। मंत्रियों को गिरगिट के रंग बदलने से पहले ही बदल देता था। एक बार वह अपने साथ नाचिया, गोलिया, लोडिया, बाधिया और तवायफों को साथ लेकर दरबार में आ गया और उनके साथ बैठकर हुक्म जारी करने लगा। वह 24 घंटे शराब के नशे में धुत्त रहता था यहां तक कि वुजु भी शराब से ही करता था। वह रोजमर्रा बटेरों और हाथियों की लड़ाई देखता, फरियादियों की फरियाद सुनता, बाजीगरों, नट, नकलचियों के जुमलों से आनंद उठाता। वजीर और उलेमा उसकी इन असभ्य हरकतों को देखने के सिवा कर भी क्या सकते थे क्योंकि वह सब उनके वेतनधारी थे। कमियों, कमजोरियों और बदगुमानियों के बावजूद उसने औरंगजेबी इस्लामिक कट्टरवाद को तिलांजलि देकर नए युग का आगाज किया।

# 'कॉर्पोरेट' से ज्यादा 'आम नागरिकों' के पक्ष में हैं कमला हैरिस

***यदि अमरीकी डैमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उमीदवार कमला हैरिस कीमतों और कॉर्पोरेट नियंत्रण पर अपने साहसिक रुख को लागू करने में सफल होती हैं, तो वैश्विक आर्थिक परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल सकता है। यह कदम दुनिया भर में हलचल मचा सकता है, जिससे भारत जैसे देशों को अपने मौजूदा आर्थिक मॉडल पर पुर्नविचार करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, ठीक वैसे ही जैसे उन्होंने उदारीकरण के दौर में किया था जब कॉर्पोरेट शक्ति का बोलबाला था। ऐसा लगता है कि ज्वार बदल रहा है योंकि दुनिया भर में लोग कीमतों को बढ़ाने वाली जोड़-तोड़ की रणनीति से मुक्ति की मांग कर रहे हैं। हैरिस का संदेश स्पष्ट है कि अमरीकी अब आसमान छूती लागतों को बर्दाश्त नहीं कर सकते। उनके आक्रामक, लोकलुभावन आर्थिक एजैंडे का उद्देश्य कॉर्पोरेट शक्ति पर लगाम लगाना और जीवन यापन की लागत को कम करना है, जो संभावित रूप से वैश्विक आर्थिक नीतियों के लिए एक नया मानक स्थापित करता है।***



जुलाई में एक भव्य भारतीय कॉर्पोरेट विवाह के बाद एक 74 वर्षीय भारतीय ब्लॉगर ने एक्स पर कहा, ''अपने 74 वर्षों में, मैंने हाल ही में, 2437 टैलीविजन पर प्रसारित होने वाली भव्यता से अधिक बेस्वाद, अहंकारी या दिखावटी शादी नहीं देखी या सुनी है।'' विकृति और उसका असली संकेत कहीं और है। ''यह पैसे के खर्च करने के तरीके में निहित है, ऐसे समय में जब औसत भारतीय आर्थिक रूप से कभी भी बदतर स्थिति में नहीं रहा है, जब असमानता और बेरोजगारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है।

जी.एस.टी. का 67 प्रतिशत हिस्सा देश के 50 प्रतिशत सबसे गरीब नागरिकों द्वारा भुगतान किया जाता है, हालांकि शीर्ष 1 प्रतिशत के पास देश की 40 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि 800 मिलियन लोगों को जीवित रहने के लिए मुफ्त/सबसिडी वाले खाद्यान्न उपलब्ध कराए जाने हैं।''कमला हैरिस का सप्ताहांत भाषण बहुत अलग नहीं है। वह कहती हैं, ''हम जानते हैं कि कई अमरीकी अभी भी अपने जीवन में प्रगति महसूस नहीं करते हैं। लागत अभी भी बहुत अधिक है और आगे बढना बहुत कठिन लगता है।'' कोई आश्चर्य नहीं कि रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प उन्हें बहुत उदार कहते हैं।

यह भारत में जून के लोकसभा चुनावों के दौरान मटन, मुस्लिम, मंदिर और मुजरा, महंगाई और बेरोजगारी की पंक्तियों के बीच गंभीर मूल्य वृद्धि और बेरोजगारी की प्रतिध्वनि के समान लगता है। हां, भारतीयों और अमरीकियों को भोजन, जीवन की न्यूनतम गुणवत्ता और संगठित उत्पीडन् से मुक्ति की आवश्यकता है। निश्चित रूप से भारतीय अधिक चिंतित हैं क्योंकि विश्व अर्थव्यवस्था में किसी भी रैंक के साथ, वे अमरीका के आसपास भी नहीं हैं।यदि अमरीकी अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में नहीं है, तो भारतीय कोविड-19 के बाद अधिक से अधिक स्वस्थ हो सकते हैं। लेकिन भारत में दिग्गजों का शिकंजा अमरीका की तुलना में अधिक है, जहां बड़े लोगों के विरोध के बावजूद मजबूत एंटी-ट्रस्ट कानून हैं।

भारतीय नीतियां बड़ी दुकानों के लिए अधिक अनुकूल हैं, जिसमें राष्ट्रीय और शेयर बाजार नीतियों को तैयार करने सहित करों और अन्य लाभों में खरबों की छूट दी जाती है। इसके बजाय, यू.एस.ए. के उपराष्ट्रपति होने के बावजूद, हैरिस अमरीकी लोगों के साथ सहानुभूति रखते हुए कहती हैं, ''बिल बढ़ते हैं। भोजन, किराया, गैस, स्कूल जाने के लिए कपड़े, प्रिस्क्रिप्शन दवा सबके दाम बढ़े। उसके बाद, कई परिवारों के लिए, महीने के अंत में बहुत कुछ नहीं बचता है। राष्ट्रपति के रूप में, मैं उन उच्च लागतों को उठाऊंगी जो अधिकांश अमरीकियों के लिए सबसे अधिक मायने रखती हैं।''

ये शब्द कोई भी भारतीय मतदाता अपने नेताओं से सुनना पसंद करेगा। इसमें अमरीकियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक दर्जन से ज़्यादा प्रस्ताव शामिल हैं। लोगों को 3 मिलियन नए आवास देने जैसे कुछ प्रस्ताव भारतीय राजनीतिक दलों के घोषणापत्रों से लिए गए हैं। भारत की प्रधानमंत्री आवास योजना की तरह, उन्होंने पहली बार घर खरीदने वाले 10 लाख लोगों को 25,000 डॉलर तक का डाऊन पेमैंट सपोर्ट देने का प्रस्ताव रखा है।

इसके अलावा, बिल्डरों के लिए कर प्रोत्साहन भी है, जो किफायती किराए के आवास बनाते हैं। यह अधिकांश भारतीयों के लिए एक स्वागत योग्य परिदृश्य हो सकता है। जैसा कि भारत में अब पूंजीगत लाभ कर सूचकांक या किराए पर बहस चल रही है, हैरिस कॉर्पोरेट मकान मालिकों को बड़े अंतर से किराया बढ़ाने के लिए एल्गोरिदमिक मूल्य-निर्धारण उपकरणों का उपयोग करने से रोकने के लिए उत्सुक हैं। यह धीरे-धीरे नोएडा, गुडग़ांव, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द्वारका, बेंगलुरु और चेन्नई के क्षेत्रों में एक समस्या बन रही है। भारत ने अभी-अभी इसे महसूस करना शुरू किया है। चिकित्सा लागत और स्वास्थ्य बीमा धोखाधड़ी अमरीका में सबसे खराब है। कई भारतीय कंपनियों ने अब इसका अनुकरण किया है।

भारत और अमरीका में चिकित्सा व्यय बढ़ रहे हैं = दोनों देश इस पर गहन चर्चा कर रहे हैं और अक्सर यह कहते हुए बात समाप्त करते हैं कि यूनाइटेड किंगडम में सबसे अच्छी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हैरिस लाखों अमरीकियों के लिए चिकित्सा ऋण को खत्म करने का वायदा करती हैं, संभवत= संघीय निधियों का उपयोग स्वास्थ्य प्रदाताओं से बकाया ऋण खरीदने और माफ करने के लिए वह अमरीकियों के पर्चे की दवाओं पर सालाना जेब से खर्च को 2,000 तक सीमित करना चाहती हैं। हजारों किलोमीटर दूर स्थितियों में इतना अंतर यह है कि भारत अमरीका की बीमा संबंधी गलतियों को दोहराना चाहता है और वे इसे बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

हालांकि पी.एम. जन औषधि जैसे कुछ मामलों में, भारत कम कीमतों पर जैनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। हैरिस के पास यह विकल्प नहीं है और उनका कहना है कि इंसुलिन की जेब से होने वाली लागत को सभी के लिए 35 डॉलर प्रति माह तक सीमित किया जाएगा। जैसा कि भारत में किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पैंशन दी जाती है, हैरिस एक बाल कर क्रैडिट देंगी जो बच्चे के जीवन के पहले वर्ष के लिए परिवारों को प्रति बच्चे 6,000 डालर प्रदान करेगा। विभिन्न तरीकों से प्रत्यक्ष लाभ या पैंशन के रूप में पेश की गई भारतीय बजटीय नवीनताओं ने हैरिस को आकर्षित किया है।

कमला हैरिस के प्रत्येक प्रस्ताव, चाहे वह भोजन, दवा, आवास या बाल देखभाल के संदर्भ में हों, 'लोकलुभावन' हैं, जिसमें उपभोक्ताओं की ओर से कॉर्पोरेट हितों के खिलाफ सरकारी हस्तक्षेप शामिल है। बड़ी कंपनियों के राज के बावजूद, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष समाजवाद विश्व राजनीति में वापस आ रहा है। हैरिस जो कुछ भी करती हैं, उससे हलचल मच सकती है, लेकिन भारत जैसे देश, जो अगले वैश्विक नेता होने का दावा करते हैं, उन्हें गरीबों, किसानों और मजदूर वर्ग की सुरक्षा के लिए अधिक सावधानी से काम करना होगा। हैरिस ने भारतीय बजट से काफी कुछ उधार लिया है। अब भारत की बारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि वह लोगों के हितों की सेवा के लिए कार्पोरेट्स पर कैसे अंकुश लगा सकता है। दुनिया बदल रही है और भारत का लोकलुभावनवाद बड़े लोगों का दिल जीत रहा है।

### दुविधा में केंद्र, राजनीतिक दल और मुख्यमंत्री

केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी समेत राजनीतिक दल और मुख्यमंत्री खुद को दुविधा की स्थिति में पाते हैं। ऐसा पैंशन के सवाल पर हो रहा है। भारत के एक निश्चित आयु के सभी नागरिकों को पैंशन नहीं मिलती। भारत में कोई भी सामाजिक सुरक्षा योजना नहीं है जो किसी नागरिक को पैंशन प्रदान करती हो। निजी क्षेत्र में कार्यरत लाखों लोगों को सेवानिवृत्ति पर पैंशन नहीं मिलती। यहां तक कि भारतीय रक्षा बलों में शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों को भी पैंशन नहीं मिलती। पैंशन ने तर्क जीता = जब तक जीवन प्रत्याशा कम थी, पैंशन का कोई महत्व नहीं था। कुछ लोगों को पैंशन मिलती थी, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद बहुत कम लोग लंबे समय तक जीवित रहते थे। 1947 में, जब भारत स्वतंत्र हुआ, तो जीवन प्रत्याशा 35 वर्ष से कम थी। आज, यह 70 वर्ष से थोड़ा अधिक है।पैंशन की बाध्यता, औसतन, सेवानिवृत्ति के बाद 10-12 वर्षों तक बनी रहेगी और यदि पारिवारिक पैंशन की अवधारणा है, तो यह जीवनसाथी को भी जारी रह सकती है।

# डंकी रूट से जुड़े संकट एवं दर्द को कौन सुनेगा?

ललित गर्ग

भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाता है। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द 'डुंकी' से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। एक दशक से जारी इस गोरखधंधा-डंकी प्रेक्टिस का तब पर्दाफाश हुआ एवं यह अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आया जब इसके अन्तर्गत दिसंबर 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 भारतीय यात्रियों वाले एक चार्टर विमान को रोक दिया था। इनमें से अधिकांश को वापस



भारत भेज दिया गया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया। उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड़ रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन व जूते छीन लेने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। डंकी रूट में लिप्त एजेंट अपराधी है, युवा-सपनों को चूर-चूर करने वाले धोखेबाज है। यह दर्द एवं विडम्बना केवल पंजाब की नहीं है, बल्कि गुजरात एवं देश के अन्य भागों के युवाओं की भी है। रोजगार के साथ-साथ शिक्षा सबसे बड़ी वजह है डंकी रूट की। कुछ देशों में तकनीकी तथा अन्य प्रोफेशनल शिक्षा पर भारत के मुकाबले कम खर्च होते हैं इसलिए भी छात्र विदेश जाना पसंद करते हैं। जिन्हें कम समय में अच्छी कमाई करके अच्छी लाइफ स्टाइल में जीने की ख्वाहिश होती है या फिर जो भारत में किसी क्राइम में शामिल होते हैं वे भी गैरकानूनी तरीका अख्तियार करते हैं। डंकी रूट के ज़रिए लोग अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अवैध तरीके से प्रवेश करते हैं। इस रास्ते में कई जानलेवा खतरों का सामना करना पड़ता है। कई बार, अवैध तरीके से एंट्री करने के दौरान लोगों की मौत भी हो जाती है। साल 2022 में, अमेरिका-कनाडा बॉर्डर से 10 मीटर की दूरी पर एक गुजराती परिवार की लाश मिली थी, यह परिवार बर्फ़ीले तूफ़ान की चपेट में आ गया था। इसी साल अप्रैल में, एक और गुजराती परिवार की मौत हो गई थी। अमेरिका में एंट्री से पहले ही सेंट लॉरेंस नदी में उनकी बोट डूब गई थी। इस घटना में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे मारे गए थे। युवाओं का धोखेबाज एजेंटों के जाल में फंसना हमारे शासन तंत्र की नाकामी ही है। यदि ऐसे एजेंट समय रहते कानून व्यवस्था के शिकंजे में फंस गये होते तो युवा ठगी के शिकार न बनते। आखिर हम अपने युवाओं को देश में सम्मानजनक रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हैं? भारत सरकार अन्य देशों के साथ मिलकर युवाओं को धोखे से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है? निस्संदेह, विभिन्न राष्ट्रों के सहयोग से दलाली-ठगी करने वाले इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों का खातमा करना अपेक्षित है। एशिया, यूरोप व मध्य अमेरिका तक दलालों के जाल बिछे हैं। शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' में इस समस्या को उभारा गया है। इस फिल्म में अवैध तरीके से विदेश जाने के तरीके को एवं उसमें होने वाली परेशानियों को दिखाया गया है।

मूवी दिखाती है कि सात समंदर पार जाने का सपना लिए लोग कैसे-कैसे अवैध तरीके अपनाते हैं, कितनी दुश्वारियां और कितना पैसा खर्च कर देते हैं। 'डंकी रूट' एक विकराल होती समस्या है। भारत में बढ़ती बेरोजगारी जहां इस समस्या का बड़ा कारण है, वहीं किस तरह युवा भी धैर्य व कठिन परिश्रम के बजाय रातोंरात अमीर बनने के सपने सजोते हुए इन संकटों को आमंत्रित करते हैं। आखिर क्या वजह है कि मां-बाप जमीन बेचकर व अपने गहने-मकान गिरवी रखकर बच्चों को विदेश भेजने को आतुर हैं? आखिर सुनहरे सपनों की चकाचौंध में हमारे युवा दलालों के हाथों के खिलौने क्यों बन रहे हैं? अमेरिका एवं अन्य देशों में जाने के सम्मोहन में अपने जीवन को इस तरह जोखिम में डालना युवा क्यों उचित मानते हैं? पिछले दिनों दलालों ने देश के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर युद्धरत रूस की फौज में भी भर्ती करवा दिया। कई युवाओं के युद्ध में मरने की खबरें भी आई। दरअसल, युवाओं की इस बदहाली की वजह भ्रष्ट व बेईमान ट्रैवल एजेंट तो हैं ही, हमारी सरकारें भी इसके लिये कम जिम्मेदार नहीं है। हाल ही में डंकी यात्रा पूरी करने वाले लोगों के परिवारों ने बताया कि मानव तस्कर अक्सर नई दिल्ली और मुंबई से प्रवासियों को पर्यटक वीजा पर संयुक्त अरब अमीरात ले जाते हैं। फिर वे वेनेजुएला, निकारागुआ और ग्वाटेमाला जैसे लैटिन अमेरिका के एक दर्जन से ज्यादा ट्रांजिट बिंदुओं से गुजरते हुए अमेरिका-मेक्सिको सीमा तक पहुंचते हैं। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच साल में दो लाख से ज्यादा भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुसते हुए पकड़े गए हैं। ऐसे मामले उजागर होने के तुरंत बाद कुछ गिरफ्तारियां इस बड़े संकट का समाधान नहीं है। इन आपराधिक कृत्यों में लिप्त एजेंट कुछ समय के लिये चुप बैठकर फिर से अपने नापाक खेल में सक्रिय हो जाते हैं। वैसे वे युवा भी कम दोषी नहीं हैं जो वास्तविक स्थिति को जाने बिना शॉर्टकट रास्ते के लिये दलालों को पैसे देने को तैयार हो जाते हैं। दरअसल, विदेश जाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आधिकारिक चैनल को दरकिनार करने के खतरों के बारे में भी बताना चाहिए। इसके लिये उन्हें सचेत करने के मकसद से जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है।

# 6 साल की बच्ची की दवाई की ओवरडोज से मौत

## कब्र खोदकर निकाला गया शव, अस्पताल के एमडी बोले- इलाज में लापरवाही हुई

**मीडिया ऑडीटर, महासमुंद एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में 6 साल की बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई। शनिवार को उसका शव कब्र खोदकर निकाला गया। आरोप है कि बच्ची की मौत नवजीवन अस्पताल में दवाओं के ओवरडोज से हुई है। मामला सामने आने के बाद अस्पताल का स्टाफ भाग निकला है।

वहीं अस्पताल के एमडी डॉ. शिवम पांडेय ने उपचार में गलती की बात स्वीकार की है। दूसरी ओर मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मेडिकल अफसरों का कहना है कि अस्पताल पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बीएमओ ने इस संबंध में क्या किया, इसकी भी जांच होगी।





**उल्टी-दस्त होने पर बच्ची को ले गए थे क्लीनिक:** तुमगांव निवासी नेतराम धीवर की बेटी अंकिता धीवर (6) को उल्टी-दस्त हो रहे थे। इस पर परिजन उसे गुरुवार को भोरिंग में उदयराम साहू के क्लीनिक ले गए। वहां बच्ची की हालत देखकर उदयराम ने बच्ची के शरीर में पानी की कमी बताई और ग्लूकोज चढ़ाने के लिए नवजीवन अस्पताल ले जाने को कहा। परिजनों ने बताया कि नवजीवन अस्पताल में नर्स ने एडमिट फार्म भराया और 200 रुपए लिए। इस दौरान वहां कोई डॉक्टर नहीं था। नर्स ने ही बच्ची को ड्रिप चढ़ाई। ड्रिप चढ़ाते वक्त ही बच्ची को घबराहट होने लगी। वह परेशान होकर उछलने लगी और कुछ देर में बेहोश हो गई।

**बच्ची की हालत बिगड़ी तो सरकारी अस्पताल किया रेफर:** बच्ची की हालत बिगड़ती देख अस्पताल स्टाफ उसे एक्स-रे कराने ले गए, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। आरोप है कि यह देखकर अस्पताल स्टाफ ने रात करीब 10 बजे बच्ची को सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए कहा। इसके बाद परिजन उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। सरकारी अस्पताल में चेकअप के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बच्ची की मौत बहुत पहले ही हो चुकी थी। आरोप है कि इसके बाद भी नवजीवन अस्पताल ने उसे सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया। बच्ची की मौत पर परिजन फिर नवजीवन अस्पताल पहुंच गए और हंगामा कर दिया।

**अधिकारियों की मौजूदगी में निकाला गया शव:** परिजनों ने गुरुवार को बच्ची को गांव में ले जाकर गाड़ाघाट के पास दफन कर दिया था, लेकिन रिश्तेदारों ने बच्ची की मौत की जानकारी थाने में देने की समझाइश दी। इसके बाद पंचायत उपाध्यक्ष पप्पू कुमार पटेल के साथ परिजन थाने पहुंचे। लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

शिकायत के बाद शनिवार को 11.30 बजे तुमगांव थाना प्रभारी हितेश जंघेल ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट श्रीधर पंडा, फोरेंसिक डिपार्टमेंट के डॉ. लोकेश कुमार सिंह और परिजनों की मौजूदगी में शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद पोस्टमॉर्टम किया गया।

**पार्टनरशिप में चल रहा अस्पताल:** जानकारी के मुताबिक, नवजीवन हॉस्पिटल का लाइसेंस उदयराम साहू के नाम पर है। बताया जा रहा है कि उदयराम का बेटा प्रवीण साहू आरएमए है और गढ़सिवनी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं रायपुर के डॉ. शिवम पांडेय नवजीवन अस्पताल के एमडी हैं।

डॉ.. शिवम पांडेय मामले का पता चलने पर अस्पताल पहुंच गए थे। उन्होंने स्टाफ को जमकर फटकार लगाई और और उपचार में हुई गलती को स्वीकार किया। इसके बाद से शुक्रवार को नव जीवन हॉस्पिटल के सारे डॉक्टर, नर्स, स्टाफ सुबह से ही गायब हो गए।

**नवजीवन अस्पताल पर होगी कार्रवाई:** नर्सिंग होम एक्ट के नियमों का पालन नहीं करने को लेकर नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर से दैनिक भास्कर ने बात की। उनका कहना है कि, जिले में घूम कर जांच करना मुमकिन नहीं है। इसके लिए पांचों ब्लॉक में बीएमओ को जांच की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास सभी पावर है, पहले कार्रवाई क्यों नहीं हुई ये जांच के बाद बता पाएंगे।

**रिपोर्ट आने पर ही कुछ बता पाएंगे:** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव के बीएमओ डॉ. अनिरुद्ध कसार का कहना है कि, पोस्टमॉर्टम के बाद तुरंत कुछ भी बता पाना मुश्किल होता है। जल्दबाजी में कोई भी ओपिनियन देना ठीक नहीं है। एफएसएल रिपोर्ट के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

**जांच के लिए टीम गठित:** दरअसल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में शटर लगे सभी दुकानों को 30 बिस्तर हॉस्पिटल बनाकर इसे 6 महीने से चलाया जा रहा है। अब बच्ची की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच के लिए 4 सदस्यीय डॉक्टरों टीम गठित की। जांच के बाद रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

# वर्दी पहने जवान ने पी शराब

## डिवाइडर पर लगाए पैग, फिर सड़क पर सो गया, पानी डालकर उठाते रह गए पुलिसकर्मी



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की रायपुर में सीएएफ का एक जवान का शराब पीते वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वह वर्दी पहने डिवाइडर पर बैठकर शराब पी रहा है। इसके बाद नशे में धुत होकर सड़क पर भी सो जाता है। वीडियो आमानाका के पास ब्रिज के नीचे का है।

मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि ये जवान किसी बटालियन से रायपुर शहर में ड्यूटी करने पहुंचा था। वीडियो में आसपास दिख रहे लोग जवान को नींद से जगाने की कोशिश करते हैं लेकिन वह मदहोश पड़ा रहता है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने हाथ-पैर पकड़कर उसे सड़क से किनारे किया।

**पानी छिड़ककर उसे उठाने की कोशिश:** स्थानीय लोगों सड़क से उसे किनारे करने के बाद आमानाका पुलिस को भी इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने जवान के चेहरे पर पानी छिड़ककर उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन जवान नसे में इतना चूर था कि अपनी जगह से टस से मस नहीं हुआ।

**बटालियन के कमांडर को भेजी जाएगी रिपोर्ट:** बताया जा रहा है कि जवान की वर्दी में जो बैच है उससे वह छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स (सीएएफ) का लग रहा है। हालांकि फिलहाल जवान की पहचान नहीं हो पाई है। इस मामले में रायपुर पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि जवान के बटालियन का पता किया जा रहा है। इसके बाद पूरी रिपोर्ट बटालियन के कमांडर सौंपी जाएगी।

**दो दिन पहले एसएसपी ने किया था सस्पेंड:** बता दें की 2 दिन पहले ही रायपुर एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने पुरानी बस्ती थाने के 2 कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया था। प्रकाश ओगरे और प्रमेश देवांगन पर आरोप था कि दोनों ने अवैध शराब बेचने वालों को छोड़ दिया था। प्रकाश डायल 112 में तैनात था, वही प्रमेश पेट्रोलिंग ड्यूटी में था।

## चिता के पास कर रहे थे तंत्र-विद्या, लाठी-डंडे से पीटा

# उज्जैन से छत्तीसगढ़ आई थी महिला तांत्रिक, लड़के-लड़की की फोटो मिलने से भड़के लोग

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में महिला तांत्रिक और उसके 2 सहयोगियों की लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। तीनों जलती चिता के पास तंत्र विद्या कर रहे थे। उनके पास से एक लड़का और लड़की की फोटो भी बरामद हुई है। फिलहाल पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, बन्नाक चौक के मुक्ति धाम में चिता के पास शनिवार रात कुछ लोग बैठकर पूजा-पाठ कर रहे थे। देर रात चिता के पास हलचल देखकर लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। लड़के-लड़कियों की फोटो और तंत्र क्रिया देखकर लोग भड़क गए। उन्होंने लाठी-डंडे और लात-घूंसों से उनकी पिटाई कर दी।

**भीड़ तांत्रिकों को पीटने लगी:** तांत्रिक लगातार भीड़ को गुमराह करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन भीड़ उनकी बातों पर भरोसा नहीं कर रही थी। महिला तांत्रिक और उसके सहयोगी को लोागें ने पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। उन्होंने तंत्र किया कर रहे लोगों को हिरासत में ले लिया।

**पुलिस के हवाले किया:** पुलिस ने बताया कि मारपीट के बाद भीड़ ने ही पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी। साथ ही महिला और उसके साथियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। सभी को थाने लाया गया है। हालांकि किसी ने शिकायत नहीं की है। दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

**भांजे को कैंसर, इसलिए पूजा-पाठ करने बुलाया:** एसपी उमेश कश्यप ने बताया कि तांत्रिक क्रिया की आशंका से लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मौके पर पहुंचे थे।

# मिला युवक का कंकाल, पत्नी है प्रेग्नेंट

## घने जंगल में एक महीने तक फंदे से लटका रहा, हाथ के कड़े से हुई पहचान

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** राजधानी रायपुर के आबकारी भवन के पीछे स्थित घने जंगल में में एक युवक का नर कंकाल मिला है। करीब एक महीने पहले पेड़ से लटककर आत्महत्या करने की आशंका है। उसकी लाश पूरी तरह सड़ गई। युवक के परिवार वालों ने हाथ में पहने कड़े से उसकी पहचान की है। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। शव की पहचान लाभांडी निवासी गोपी यादव के रूप में हुई है। वह रोजी मजदूरी करता था। 26-27 जुलाई को गोपी घर से अचानक निकल गया था। जिसके बाद घर वालों ने उसकी खोजबीन की। लेकिन, वह कहीं नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने 28 जुलाई को तेलीबांधा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



**पुलिस ने लोकेशन और सीसीटीवी किया था चेक:** गुमशुदगी की खबर मिलते ही तेलीबांधा पुलिस ने युवक की तलाश शुरू किया। उसका मोबाइल लोकेशन ट्रेस करवाना चाहा। लेकिन जानकारी मिली कि, मृतक मोबाइल लेकर नहीं गया था। आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने आसपास के थानों में भी युवक के गुम होने की सूचना भेज दी। समय बीतने के बाद मामला शांत हो गया।


**एक महीने बाद जंगल में मिला कंकाल:** शनिवार को आबकारी भवन के पीछे स्थित घने जंगल की तरफ कोई गया। तो उसे जमीन पर कंकाल और खोपड़ी नजर आई। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस को पेड़ से बंधी हुई एक रस्सी भी मिली है। छानबीन आगे बढ़ी तो वहां पर एक कड़ा और कुछ कपड़े मिले। पुलिस ने थाने में गुमशुदगी का रिकॉर्ड चेक किया तो एक युवक से मिलान हुआ।

**कड़ा देखकर पत्नी ने पहचाना:** पुलिस ने गोपी यादव के परिवार वालों को बुलाकर कपड़े और कड़े की पहचान करवाई। पत्नी ने कड़ा देखते ही पति गोपी यादव को पहचान लिया। शुरुआती जांच पड़ताल में युवक के फांसी में लटक कर जान देने की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से सबूत जुटाए है। अब इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

**मृतक की पत्नी है प्रेग्नेंट:** बताया जा रहा है कि, उसकी पत्नी प्रेग्नेंट है। इसके अलावा इसका एक 3 साल का बच्चा भी है। परिवार वालों से पूछताछ में युवक की किसी से विवाद की बात सामने नहीं आई है। पुलिस घटनास्थल पर मिले सबूत के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# ट्रेन से कटकर 2 दोस्तों की मौत

## टुकड़ों में बटी दोनों की लाश, दिनभर साथ में मोबाइल में खेलते रहते थे गेम



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में दो दोस्तों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि साइकिल लेकर दोनों दोस्त ट्रैक पार कर रहे थे, तभी ट्रेन आई और टक्कर मार दी। दोनों की लाश टुकड़ों में बट गई है। मामला पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के पार्श्वनाथ जैन मंदिर के पास का है।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना 31 अगस्त की देर शाम साढ़े 7 बजे के आसपास की है। मृतकों की पहचान पूरण कुमार साहू पिता सुनील कुमार साहू (14 साल) निवासी सरस्वती कुंज बेस्ट रिसाली और वीर सिंह पिता हरदीप सिंह (13 साल) निवासी के रूप में हुई।

**शव के टुकड़ों को जुटाई पुलिस:** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रात 8 बजे ₹राजस्थान पत्रिकापरिवार से फोन आया था। दुर्ग दल्लीराजहरा रेलवे पटरी मार्ग पर 2 लड़कों के क्षत-विक्षत हालत में शव पड़े हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों के टुकड़ों को जुटाया और पोस्टमॉर्टम के लिए दुर्ग जिला अस्पताल भेजा गया। साथ ही परिजनों को सूचना दी गई।

**दोनों मोबाइल में खेलते थे गेम:** पुलिस ने बताया कि दोनों लड़के मोबाइल में गेम खेलने के आदी थी। घर में डांट पड़ने के चलते मोबाइल लेकर घर से निकल जाते थे। एकांत जगहों में जाकर गेम खेलते रहते थे। पुलिस पता कर रही है कि कहीं परिजनों ने ज्यादा तो नहीं डांट दिया, जिसकी वजह से दोनों सुसाइड किया। पुलिस हादसे के एंगल से भी मामले की जांच कर रही है।

# नाबालिगों से दुष्कर्म की 2 वारदातें

## घर में घुसकर किया रेप, इधर स्कूली छात्रा को लिफ्ट के बहाने ले गया जंगल

**मीडिया ऑडीटर, जशपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में दो अलग-अलग घटना में दो नाबालिगों से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, वहीं दूसरी घटना का आरोपी फरार है। पुलिस आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। घटना जिले के पत्थलगांव और कांसाबेल थाना क्षेत्र की है। एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि जिले के पत्थलगांव और कांसाबेल थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग दुष्कर्म की घटनाएं हुई है। जिसमें पहली घटना पत्थलगांव थाना क्षेत्र की है। परिचय के व्यक्ति ने घर में घुसकर जबरन बालिका के साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग घर में अकेली थी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।



**स्कूली छात्रा से लिफ्ट का झांसा देकर रेप:** वहीं दूसरी घटना कांसाबेल थाना क्षेत्र की है। जहां स्कूल से घर लौट रही 14 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि नाबालिग छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी। इसी बीच अज्ञात बाइक सवार युवक ने लिफ्ट देने के बहाने से बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**जंगल ले जाकर किया दुष्कर्म:** आरोपी सलीम साई अपनी मोटरसाइकिल में आकर बच्ची से बोला कि तुम्हारी मैडम तुमको स्कूल बुला रही है। आरोपी नाबालिग को झांसे में लेकर बाइक में बैठाकर जंगल ले गया और रेप किया। जब बच्ची रोने लगी, चीखने लगी तब आरोपी सलीम साईं बच्ची को उसके स्कूल के बाहर छोड़कर फरार हो गया था। जिसके बाद परिजनों ने कांसाबेल थाना में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

**नंबर के आधार पर आरोपी तक पहुंची पुलिस:** एसपी शशिमोहन सिंह ने बताया कि कांसाबेल मामले में साइबर सेल की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बच्ची के बताए गए आरोपी का हुलिया और उसके बाइक नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची।

## छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 18 ट्रेनें फिर रद्द, 10 से 28 तक यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर रेल मंडल से गुजरने वाली 18 ट्रेनें 10 सितंबर से 28 सितंबर तक कैंसिल रहेंगी। खरसिया-रायगढ़ सेक्शन में भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने का काम चल रहा है। इस साल अगस्त महीने तक ही 400 ट्रेनें रद्द हो चुकी हैं।

बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच तीसरी और चौथी लाइन का काम कराया जा रहा है। लगातार किसी ना किसी काम के चलते ट्रेनें रद्द हो रही हैं। 24 अगस्त से 9 सितंबर तक 46 ट्रेनें पहले ही रद्द हैं। वहीं पिछले महीने ही 7 से 20 अगस्त तक 72 ट्रेनें रद्द थीं।

## सड़क के लिए धरने पर बैठे 10 गांव के ग्रामीण

# 54 घंटे से चल रहा अनिश्चित-कालीन आंदोलन, बोले- नई सड़क बनाकर दीजिए



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के तमनार ब्लॉक में ग्रामीण जर्जर सड़क बनवाने की मांग पर अड़े हुए हैं। पिछले 54 घंटे से 10 गांव के ग्रामीण धरने पर बैठे हैं। शुक्रवार सुबह 10 बजे से गारे स्कूल के पास उनका अनिश्चित-कालीन आंदोलन चल रहा है। शनिवार को तमनार एसडीएम ने ग्रामीणों को आंदोलन समाप्त करने के लिए समझाइश दी थी। उन्होंने कहा कि, सड़क से मिट्टी हटाकर व्यवस्थित कर दिया गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना था कि, मिट्टी हटाने से काम नहीं चलेगा। बारिश होने पर फिर से कीचड़ होगा। नई सड़क बनाकर दीजिए। जिस पर एसडीएम और तहसीलदार लौट गए।

**रात में ग्रामीण वहीं सो रहे:** ग्रामीणों ने बताया कि, अनिश्चित-कालीन आंदोलन को दो दिनों से अधिक समय हो चुका है। ग्रामीण वहीं रात में सोते हैं और सुबह फिर से धरने पर बैठ जाते हैं। सुबह से महिलाओं की भीड़ सड़क को लेकर नारेबाजी कर रही है।

**लैलूंगा विधायक भी पहुंची:** आंदोलन के पहले दिन लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार उन्हें समर्थन देने पहुंची थी। रविवार को भी लैलूंगा विधायक यहां पहुंचकर आंदोलन में शामिल हुई। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों को भी जायज ठहराते हुए कहा कि, कल से यह आंदोलन हुकराडीपा चैक तमनार में किया जाएगा।

**10 गांव के ग्रामीण शामिल:** सामाजिक कार्यकर्ता राजेश त्रिपाठी ने बताया कि, पहले चार गांव के लोग इस आंदोलन में थे, लेकिन अब इनकी संख्या बढ़ रही हैं।

# 11 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट

## बस्तर में 3 दिन बरसात, अब तक 4% अधिक गिरा पानी, रायपुर-बिलासपुर में सताएगी गर्मी



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में बारिश का फिर से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। इसके चलते 11 जिलों में आज भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 4 जिलों के लिए ऑरेंज और 7 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। रायपुर और बिलासपुर में धूप निकली है। इसके चलते पारा चढ़ेगा और गर्मी सताएगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तटों पर अवदाब क्षेत्र के कारण दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिनों तक बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। प्रदेश में औसत से 4 प्रतिशत अधिक बारिश अब तक हो चुकी है।

# महासमुंद में 4 अंतरराज्यीय तस्कर पकड़ाए

## 12 लाख रुपए का 80 किलो गांजा जब्त, ओडिशा से मध्यप्रदेश ले जा रहे थे

**मीडिया ऑडीटर, महासमुंद एजेंसी।** महासमुंद जिले में पुलिस ने 4 अंतरराज्यीय तस्कर से 12 लाख रुपए कीमत का 80 किलो गांजा बरामद किया है। गांजा ओडिशा से मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा था। पुलिस ने स्कार्पियो सहित गांजा जब्त कर चारों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिंघोड़ा थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, अंतरराज्यीय सीमा के रेहटीखोल चेक पोस्ट पर गांजे की बड़ी खेप ले जाने की सूचना सिंघोड़ा पुलिस को मुखबिर से मिली थी। रेहटीखोल नेशनल हाईवे-53 पर शनिवार को करीब 10 बजे बोलेरो एमपी 40 बीई 0214 ओडिशा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही थी।



**चेकिंग देख भाग रहने थे तस्कर:** चेक पोस्ट पर चेकिंग देखकर वाहन रोक कर भागने की कोशिश की, तो पुलिस ने दौड़ा कर चारों को धर दबोचा। जिसमें रामनिवास मीना पिता हरिनारायण मीना (33), शिवकुमार मीना पिता आशाराम मीना (23), विजय सिंह मीना पिता देवलाल मीना (54) और प्रिया शरण शर्मा पिता प्रकाशवद्र शर्मा (49) गुना मध्यप्रदेश के निवासी शामिल है।

**प्लास्टिक बोरियों में 80 किलो गांजा जब्त:** पुलिस ने बोलेरो की तलाशी ली, तो वाहन के पीछे सीट में प्लास्टिक बोरी मिला। इन बोरियों में 80 किलो गांजा भरा मिला। पकड़े गए गांजे कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई जा रही है। इनके पास से 3 मोबाइल, 21 हजार 500 रुपए कैश बरामद किया है। इन तस्करों के खिलाफ एनडीपीएएस एक्ट की धारा 20बी के तहत कार्रवाई की गई है।

## कोलकाता रेप-मर्डर, आरोपी बोला- सेमिनार रूम में गलती से गया

कोलकाता। कोलकाता रेप-मर्डर केस के आरोपी संजय रॉय ने ट्रेनी डॉक्टर की मौत को लेकर नया दावा किया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, उसने पॉलीग्राफ टेस्ट में सीबीआई को बताया कि 8 अगस्त की रात वह गलती से सेमिनार रूम में घुसा था। आरोपी के अनुसार, एक मरीज की हालत खराब थी। उसे ऑक्सीजन की जरूरत थी। इसलिए वो डॉक्टर को ढूंढ रहा था। इसी दौरान थर्ड फ्लोर पर सेमिनार रूम में गया। वहां ट्रेनी डॉक्टर की बॉडी पड़ी थी। उसने शरीर को हिलाया, लेकिन कोई मूवमेंट नहीं हुआ। इससे वह घबरा गया और बाहर भागा। इस दौरान किसी चीज से टकराकर वह लड़खड़ाया और उसका ब्लूटूथ डिवाइस गिर गया। आरोपी ने दावा किया कि वह ट्रेनी डॉक्टर को पहले से नहीं जानता था। उसने बताया कि घटना के दिन अस्पताल के गेट पर कोई सिक्योरिटी नहीं थी और न किसी ने उसे रोका। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात 31 साल की ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की बॉडी मिली थी। इसके बाद देशभर के डॉक्टर सड़क पर उतर आए थे। सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद कई अस्पतालों के डॉक्टरों ने हड़ताल कैंसिल कर दी। हालांकि बंगाल में प्रदर्शन जारी है।

## लखनऊ में आईपीएस की बेटी की मौत

लखनऊ। लखनऊ में शनिवार रात आईपीएस अफसर की बेटी की मौत हो गई। वह डॉ. राम मनोहर लोहिया लॉ यूनिवर्सिटी में एलएलबी थर्ड ईयर की छात्रा थी। पुलिस ने बताया कि 21 साल की अनिका रस्तोगी यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल के अपने कमरे में बेहोशी की हालत में जमीन पर मिली थी। इसके बाद उसे एम्बुलेंस से अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्रा के पिता आईपीएस संतोष रस्तोगी हैं। अभी एनआईए में आईजी रैंक के अधिकारी हैं और चीफ विजिलेंस ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। माता-पिता नोएडा में रहते हैं और वे लखनऊ पहुंच चुके हैं। पुलिस के मुताबिक, अनिका का रूम हॉस्टल के फर्स्ट फ्लोर पर था। वह कमरा नंबर 124 में रूम-मेट ओइशी के साथ रह रही थी। शनिवार को लाइब्रेरी में ऑनलाइन क्लाइंट काउंसिलिंग क्लास चल रही थी। दिनभर अनिका यहीं रही। यहां से निकलने के बाद सीधे डिनर के लिए मेस में गई।

## बंगाल के 2 अस्पतालों में यौन शोषण

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर की घटना के 23 दिन बाद 2 अस्पतालों में छेड़छाड़ की 2 घटनाएं सामने आई हैं। पहला मामला बीरभूम के सरकारी अस्पताल का है, जहां एक मरीज ने सलाइन ड्रिप लगा रही नर्स को गलत तरीके से छुआ। पुलिस शिकायत के बाद आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। उधर, हावड़ा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में सीटी स्कैन कराने गई नाबालिग से लैब टेक्नीशियन ने छेड़छाड़ की। नाबालिग के परिवार ने पुलिस में शिकायत की, जिसके बाद आरोपी को पकड़ा गया।

एक और घटना मध्यमग्राम में हुई। यहां नाबालिग से रेप के आरोपी को बचाने वाले टीएमसी नेता के घर पर लोगों ने तोड़-फोड़ की। बीरभूम स्वास्थ्य केंद्र में छेड़छाड़ का शिकार हुई नर्स ने बताया कि वह नाइट शिफ्ट में थी। एक मरीज को बुखार की शिकायत के बाद भर्ती किया गया। डॉक्टरों की सलाह पर नर्स उसे सलाइन लगाने की तैयारी कर रही थी, तभी मरीज ने नर्स के प्राइवेट पार्ट छुए। साथ ही गालियां देने लगा। ड्यूटी पर मौजूद डॉ. मसीदुल हसन ने बताया कि रात करीब 8.30 बजे चोटोचक गांव से आए अब्बास उद्दीन को भर्ती किया गया था। आते ही उसने दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। जब नर्स सलाइन लगाने गई, तो मरीज ने हिंसक व्यवहार किया और छेड़छाड़ की। हमने मरीज के परिवार से शिकायत की, लेकिन मरीज नहीं माना। इसके बाद हमने पुलिस को खबर की।

# पाकिस्तान में ओपिनिंग डे पर शॉपिंग मॉल में लूट, ड्रीम बाजार में पहुंचे हजारों लोग



**कराची.** पाकिस्तान के कराची में शुक्रवार को लोगों ने ओपनिंग के दिन ही मॉल में लूट कर डाली। पाकिस्तानी न्यूज चैनल ARY न्यूज के मुताबिक मॉल ने ओपनिंग डे पर खरीदी में भारी छूट का ऐलान किया था। कराची के कराची के गुलिस्तान -ए-जौहर में खुले इस मॉल का नाम ड्रीम बाजार है।

भारी डिस्काउंट के चलते मॉल के बाहर हजारों लोगों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई थी। इस दौरान कुछ लोग लाठी और डंडे के साथ मॉल में दाखिल हो गए। इसके बाद मॉल में अफरा-तफरी मच गई। अफरा-तफरी के कारण मॉल में अराजकता और तोड़-फोड़ की स्थिति बन गई। इस बीच लोगों ने मॉल में लूटपाट शुरु कर दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मॉल ने ओपनिंग डे पर ज्यादा लोगों को बुलाने के लिए सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिए थे। ड्रीम बाजार कपड़ों और घरेलू सामान का शॉपिंग मॉल है। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं।

लूटपाट की वजह से ट्रैफिक रूका

मॉल में लूटपाट और अराजकता के बाद का मंजर इस कदर भयावह हो गया कि करांची में ट्रैफिक ठप्प पड़ गया। मॉल के बाहर से आई तस्वीरों में हजारों लोग फंसे दिखाई दिए। मौके पर मौजूद लोगों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि लूटपाट के कारण मॉल को काफी नुकसान पहुंचा है।

लोगों ने बताया कि मौके पर पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे। घटना के बाद कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस राह चलते लोगों पर हमले कर रही थी। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि मॉल की ऑपनिंग प्लानिंग के मुताबिक नहीं हो पाई, जिसके चलते ऐसी स्थिति बनी।

ARY न्यूज के मुताबिक मॉल संचालकों ने भीड़ को काबू में करने के लिए दरवाजे बंद कर दिए थे। लेकिन लोगों ने लाठी और डंडों के इस्तेमाल से कांच का गेट तोड़ दिया। इसके बाद भीड़ मॉल में घुस गई।

## मध्यप्रदेश की उन्नति के लिए समर्पित हैं डॉ. मोहन यादव



भोपाल। आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज ने मध्यप्रदेश में जन-कल्याण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना की है। आज राजस्थान के झालरापाटन में अपने 52 वें जन्म दिवस और 36 वें चातुर्मास कार्यक्रम में जैन मुनि श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश की उन्नति के लिए समर्पित और ऊर्जावान मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. यादव ने अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आशीर्वाद भी दिया। आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मेरे 50 वें और 51 वें जन्म दिवस पर उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में पधारे थे। आज वे मुख्यमंत्री के रूप में आए हैं। निश्चित ही उनका यह भाव प्रभावित करता है। उन्होंने मेरी जन्म वर्षगांठ के अवसर पर निरंतर तीन वर्ष आकर हैट्रिक बनाई है। इस चातुर्मास कार्यक्रम और महोत्सव को उन्होंने बहुमुखी बना दिया है। महोत्सव में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने उपस्थित होकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का स्वागत किया।

# पार्षद बोला- भाजपा के लोगों ने मुझे किडनैप किया

नई दिल्ली। एक हफ्ते पहले भाजपा जॉइन करने के बाद आम आदमी पार्टी में लौटे पार्षद राम चंदर ने भाजपा पर किडनैपिंग का आरोप लगाया। राम चंदर ने रविवार (1 सितंबर) को एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह भाजपा के कुछ लोग उन्हें घर से अगवा करके ले गए। राम चंदर ने कहा कि जब मेरे बेटे और आप के सीनियर नेताओं ने पुलिस को कॉल किया तब भाजपा के लोग मुझे वापस घर छोड़ कर गए। राम चंदर ने कहा, भाजपा ने उन्हें ईडी-सीबीआई केस में फंसाने की धमकी देकर किडनैप किया था। आप नेता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और एमसीडी इंचार्ज दुर्गेश पाठक ने राम चंदर के



वीडियो को शेयर करते हुए भाजपा पर कानून व्यवस्था का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया। दिल्ली के वार्ड नंबर 28 से पार्षद राम चंदर ने 28 अगस्त को भाजपा जॉइन की थी। चार दिन बाद ही वे वापस,क्क में आ गए थे। उन्होंने कहा था कि भाजपा जॉइन करने के बाद मैंने अरविंद केजरीवाल को सपने में देखा। इससे मेरा हृदय परिवर्तन हुआ और मैं वापस आम आदमी पार्टी में आ गया। राम चंदर ने वीडियो जारी करके बताया कि भाजपा के कुछ लोग मुझे अपने हेडक्वार्टर ले गए थे। वहां उन्होंने मुझे धमकी दी कि ईडी-सीबीआई मुझे फर्जी केस में फंसा देगी। मेरे बेटे आकाश ने पुलिस हेल्पलाइन को कॉल किया, जबकि हमारी पार्टी के सीनियर लीडर्स ने पुलिस कमिश्नर को कॉल किया। जब भाजपा को इसके बारे में पता चला, तब उन्होंने मुझे घर वापस आने दिया। मैं भाजपा को बताना चाहता हूं कि मैं ईडीऔर सीबीआई से डरता नहीं हूं। मैंने कुछ गलत नहीं किया है। मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का एक सिपाही हूं।

## शिवाजी मूर्ति गिरने के खिलाफ महाराष्ट्र विकास अघाड़ी का प्रदर्शन

मुंबई। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के विरोध में आज रविवार को महाविकास अघाड़ी मुंबई में प्रदर्शन किया। इसे जोड़े मारो (जूता मारो) आंदोलन नाम दिया गया। एमवीए ने साउथ मुंबई के हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक पैदल मार्च निकाला। इसमें ? उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, शरद पवार, सुप्रिया सुले, नाना पटोले समेत एमवीए की तीनों पार्टियों के बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान उद्धव ने सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी ष्टरूदेवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के पोस्टर पर चप्पल मारी। उन्होंने कहा- मोदी की माफी अहंकार से भरी थी। वहीं, शरद पवार ने कहा- मूर्ति गिरना भ्रष्टाचार का उदाहरण है। इधर, सीएम शिंदे ने कहा- विपक्ष मामले पर राजनीति कर रहा है।

जनता सब देख रही है। आने वाले चुनाव में महाराष्ट्र की जनता इन्हें जूतों से पीटेगी। भाजपा ने भी विपक्ष के प्रदर्शन के खिलाफ मुंबई में प्रोटेस्ट किया। 27 अगस्त को पालघर में मोदी ने एक प्रोग्राम में सिंधुदुर्ग में शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक महाराजा नहीं हैं। हमारे लिए वे पूजनीय हैं। आज मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने नतमस्तक हूं और उनसे क्षमा मांगता हूं।

# महबूबा बोलीं- भाजपा के कहने पर ईसी ने तारीखें बदली

श्रीनगर। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार (1 सितंबर) को भाजपा और चुनाव आयोग पर चुनाव की तारीखें बदलने का आरोप लगाया। महबूबा बोली, 'चुनाव आयोग वही करते हैं जो भाजपा को सूट करता है। जब मैंने लोकसभा चुनाव लड़ा था, तो उन्होंने बेवजह वोटिंग की तारीख बदल दी थी। सब कुछ भाजपा और उसकी अलायंस वाली पार्टियों की इच्छा के अनुसार होता है।' वहीं महबूबा मुफ्ती ने चुनाव के दौरान पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर को लेकर खुशी जताई। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि उन्हें खुशी है कि सभी अधिकारी स्थानीय हैं। उम्मीद है कि



वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराएंगे। राजस्थान की ऑल इंडिया बिश्नोई महासभा ने चुनाव आयोग से त्योहार की वजह से वोटिंग की तारीखों को बदलने की मांग की थी। इसे लेकर महासभा ने कहा था कि कई पीढ़ियों से गुरु जम्भेश्वर की याद में बीकानेर जिले में सालाना उत्सव होता है। इसमें पंजाब, राजस्थान और हरियाणा के कई परिवार 'असोज' महीने की अमावस्या में हिस्सा लेते हैं। इस साल यह उत्सव 2 अक्टूबर को पड़ रहा है। इसके चलते सिरसा, फतेहाबाद और हिसार के हजारों बिश्नोई परिवार मतदान के दिन राजस्थान की यात्रा करेंगे, जिससे वे 1 अक्टूबर को वोट नहीं डाल पाएंगे। इस वजह से चुनाव आयोग ने हरियाणा के विधानसभा चुनाव की वोटिंग को 5 अक्टूबर कर दिया है। अब जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित होंगे।

# रेल मंत्री ने दिखाया वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का मॉडल



बेंगलुरु। केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार (1 सितंबर) को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले मॉडल की झलक दिखाई। वे बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड की फैक्ट्री में ट्रेन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि अगले 3 महीने यानी दिसंबर तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू हो जाएगी। कोच की मेन्युफैक्करिंग का काम पूरा हो गया है। कुछ दिनों में यह बीईएमएल फैक्ट्री से बाहर आ जाएगी। अगले 2 महीने ट्रेन की टेस्टिंग चलेगी। इसके बाद यात्रियों के लिए ट्रेन की लॉन्चिंग होगी। रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को 800 से 1200 किमी दूरी की यात्रा के लिए तैयार किया गया है। इसमें यात्री रात करीब 10 बजे चढ़ेंगे और सुबह डेस्टिनेशन पर पहुंच जाएंगे। यह ट्रेन मिडिल क्लास के लिए बनाई गई है। इसका किराया राजधानी के जितना ही होगा।

## आंध्र प्रदेश में 24 घंटे में 8 की मौत, तेलंगाना में रेल पटरी बही

नई दिल्ली। तेलंगाना में भारी बारिश के बाद केसमुद्रम और महबूबाबाद के बीच रेलवे ट्रैक के नीचे से मिट्टी बह गई। इसके बाद रेल ट्रैफिक रोक दिया गया है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पिछले दो दिन से भारी बारिश हो रही है। कई इलाकों में बाढ़ से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। पिछले 24 घंटों में आंध्र के विजयवाड़ा में लैंडस्लाइड में 5 लोगों की मौत हो गई। गुंटूर में 3 लोग नहर में डूब गए। यहां अगले 5 दिन भारी बारिश का अलर्ट है। तेलंगाना में केसमुद्रम और महबूबाबाद के बीच रेलवे पटरी बह गई। वीडियो में ट्रैक के आर-पार पानी बहता दिखा। दिल्ली-विजयवाड़ा रूट पर सभी ट्रेनें बंद कर दी गई हैं। आंध्र-तेलंगाना के बीच 6 ट्रेनें कैंसिल और 9 डायवर्ट की गई हैं। सोमवार को भी भारी बारिश का अनुमान है, इसके चलते सभी स्कूल कल बंद रहेंगे। इधर मध्य प्रदेश-राजस्थान में सितंबर शुरू होने के साथ तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है।

# वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक-सुझावों के लिए भाजपा ने बनाई टीम,5 राज्यों के वक्फ बोर्ड अध्यक्ष इसके सदस्य



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा ने वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर 7 सदस्यों की टीम बनाई है। यह टीम मुस्लिम समुदाय से बातचीत करेगी और उनके सुझाव इकट्?ठा करेगी। 31 अगस्त को बनाई गई टीम में उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, गुजरात और हिमाचल प्रदेश के वक्फ बोर्ड्स के अध्यक्ष समेत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के 2 राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं। ये सदस्यअलग-अलग राज्यों में जाकर मुस्लिम विद्वानों से चर्चा करेंगे। उनकी चिंताओं को समझेंगे और विधेयक पर सुझाव जुटाएंगे। साथ ही, वे संशोधन की जरूरत और उसके फायदे बताएंगे। साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय के भीतर मौजूद किसी भी गलत धारणा और संदेह का भी समाधान करेंगे। इस समिति से पहले लोकसभा सचिवालय ने 31 सदस्यों की जेपीसी बनाई है। जिसकी तीसरी बैठक 5 सितंबर को है।

# राष्ट्रपति बोलीं- पेंडिंग केस ज्यूडिशियरी के लिए बड़ा चैलेंज

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि पेंडिंग केस और बैकलॉग न्यायपालिका के लिए बड़ा चैलेंज हैं। जब रेप जैसे मामलों में कोर्ट का फैसला एक पीढ़ी गुजर जाने के बाद आता है, तो आम आदमी को लगता है कि न्याय की प्रक्रिया में कोई संवेदनशीलता नहीं बची है। राष्ट्रपति मुर्मू रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशीयरी के वैलेडिक्टरी इवेंट में शामिल हुई थीं। यहीं पर उन्होंने यह बात कही।




इस इवेंट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और कानून एवं न्याय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट का फ्लैग और चिह्न भी जारी किया। मुर्मू ने कहा कि न्यायालयों में तत्काल न्याय मिल सके इसके लिए हमें मामलों की सुनवाई को आगे बढ़ाने के कल्चर को खत्म करना होगा। इसके लिए सभी जरूरी प्रयास किए जाने चाहिए। इस देश के सारे जजों की यह जिम्मेदारी है वे न्याय की रक्षा करें। राष्ट्रपति ने कहा कि कोर्टरूम में आते ही आम आदमी का स्ट्रेस लेवल बढ़ जाता है। उन्होंने इसे 'ब्लैक कोट सिंड्रोम' का नाम दिया और सुझाव दिया कि इसकी स्टडी की जाए। उन्होंने न्यायपालिका में महिला अफसरों की बढ़ती संख्या पर खुशी भी जताई। राष्ट्रपति ने कहा कि गांव के लोग न्यायपालिका को दैवीय मानते हैं, क्योंकि उन्हें वहा न्याय मिलता है। एक कहावत है- भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। लेकिन आखिर कितनी देर? हमें इस बारे में सोचना होगा। जब तक किसी को न्याय मिल पाता है, तब तक उनके चेहरे से मुस्कान गायब हो चुकी होती है, कई मामलों में उनकी जिंदगी तक खत्म हो जाती है। इस बारे में गहराई से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह हमारे सामाजिक जीवन का दुखद पहलू है कि कई मामलों में कई लोग अपराध करने के बाद भी खुलेआम घूमते रहते हैं, जबकि उनके विक्टिम डर में जीते हैं। महिलओं के लिए हालात और खराब हैं क्योंकि हमारा समाज उन्हें सपोर्ट नहीं करता है। 27 अगस्त को राष्ट्रपति मुर्मू ने कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस को लेकर पहला बयान दिया था। उन्होंने कहा था, मैं घटना को लेकर निराश और डरी हुई हूं। अब बहुत हो चुका। समाज को ऐसी घटनाओं को भूलने की खराब आदत है।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, सीट शेयरिंग पर महायुति की मीटिंग

नागपुर। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महायुति (भाजपा, शिवसेना और एनसीपी) की दूसरे दौर की बैठक शनिवार (31 अगस्त) को हुई। एनसीपी के सूत्रों ने बताया कि 3 घंटे तक चली इस मीटिंग में महाराष्ट्र की 288 में से 173 सीटों पर सहमति बन गई है। इनमें सबसे ज्यादा सीटें भाजपा को देने का फैसला किया गया है। भाजपा के बाद शिवसेना और एनसीपी को सीटें मिलेंगी। हालांकि, किस पार्टी को कितनी सीटें देने पर सहमति बनी, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। बाकी की 115 सीटों पर बैठक में फैसला होगा। सीट शेयरिंग फाइनल करने के लिए 2-3 दौर की मीटिंग और होगी। नागपुर में हुई इस बैठक में सीएम शिंदे, डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस, अजित पवार समेत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे, एनसीपी नेता प्रफुल पटेल मौजूद थे। अजित पवार ने मीटिंग से पहले नागपुर में कहा था- 2019 के चुनाव में हमने 54 सीटें जीती थीं। चूंकि इस बार हमें तीन कांग्रेस विधायकों और तीन निर्दलीयों का समर्थन प्राप्त है, इसलिए हमारी ताकत बढ़ती ही जा रही है। हम इस विधानसभा चुनाव में 60 सीटों की मांग करेंगे। महाराष्ट्र में इस वक्त बीजेपी-शिवसेना (शिंदे गुट) की सरकार है।



## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में सप्ताहांत पर तेज गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के भाव रविवार को स्थिर हैं, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार देश में रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सासहांत पर अमेरिकी क्रूड 3.12 प्रतिशत की गिरावट लेकर 73.65 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 1.43 प्रतिशत उतरकर 78.82 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर, डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर, डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए प्रति लीटर, डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर और कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए प्रति लीटर, डीजल 90.76 रुपए प्रति लीटर है।

### बीवाईडी भारत में जल्द लॉन्च करेगी नई इलेट्रिक एमपीवी एम6

**नई दिल्ली।** चीन की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता बीवाईडी भारत में नई इलेक्ट्रिक एमपीवी लॉन्च करने की तैयारी में है। अभी इस बात की जानकारी नहीं मिली है कि इसे किस सेगमेंट में कब तक लॉन्च किया जाएगा। नई एमपीवी को लेकर कंपनी ने सोशल मीडिया पर एक फोटो को शेयर की है। बीवाईडी फोटो शेयर की उसमें जल्द लॉन्च होने वाली गाड़ी की हेडलाइट की फोटो दिखाई गई है। साथ ही लिखा है कि ट्रांसफॉर्मेशन टू अ न्यू जेनरेशन नीचे कमिंग सून यानी जल्द आने वाली लिखा है। जिसके बाद यह तय हो गया है कि बीवाईडी की ओर से नई गाड़ी को जल्द ही भारत में लॉन्च किया जाएगा। कंपनी ने अभी सिर्फ एक फोटो शेयर कर नई गाड़ी की जानकारी दी है लेकिन उम्मीद की जा रही है कि बीवाईडी की ओर से एम6 एमपीवी को लाया (बीवाईडी एमपीवी एम6 लॉन्च इन इंडिया) जाएगा जिसमें कई बेहतरीन फीचर्स और रेंज ऑफर किए जाएंगे। मौजूदा समय में बीवाईडी भारत में ई6 एमीपीवी को ऑफर करती है जिसकी जगह नई एमपीवी को लाया जा सकता है। बीवाईडी एम6 इलेक्ट्रिक एमपीवी में 71.8 किमी परहॉर्स की क्षमता की बैटरी दी है। जिसे फुल चार्ज में 530 किलोमीटर (बीवाईडी एमपीवी एम6 रेंज) तक चलाया जा सकता है। इसमें लगी मोटर से इसे 0-100 किमी की स्पीड से चलाने में 8.6 सेकेंड लगते हैं। फ्रंट व्हील ड्राइव वाली इस एमपीवी में लगी मोटर से 150 किलोवाट की पावर और 310 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलता है। बीवाईडी एम6 इलेक्ट्रिक एमपीवी में छह और सात सीटों का विकल्प दिया जा सकता है। साथ ही वी2एल, रीजनरेटि वेंटिलेटिड सीट्स, 1 फॉलो मी लैंप, की-लैस एंट्री, पुश बटन स्टार्ट/स्टॉप, ऑटो एसी जैसे फीचर्स दिए जा सकते हैं।

# रूट इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाज बने



## कुक को पीछे छोड़ा

**लॉर्ड्स।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ यहां खेले जा रहे क्रिकेट टेस्ट मैच की दूसरी पारी में भी शतक लगाकर एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ ही रुट के नाम अब 34 शतक हो गये हैं और वह इंग्लैंड की ओर से टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये रिकार्ड एलिस्टर कुक के नाम था। कुक के नाम 33 शतक हैं। अब रुट टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। रुट ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरी पारी में 121 गेंदों पर 103 रन वना दिये। वहीं पहली पारी में रूट ने 143 रन बनाये थे। रूट की 103 रन की पारी से इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 251 रन बनाए। इससे इंग्लैंड ने श्रीलंका को जीत के लिए 483 रन का लक्ष्य दिया। रूट अब लॉडर्स के मैदान में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। इस ऐतिहासिक मैदान पर उन्होंने सातवां शतक लगाया है। इस प्रकार उन्होंने इस मैदान पर छह शतक लगाने वाले अपने ही देश के पूर्व क्रिकेटरों माइकल वॉन और ग्राहम गूच को पीछे छोड़ दिया है। रूट ने 145वें मैच में करियर का 34वां शतक लगाया जबकि कुक ने अपने 33 शतक के लिए 161 टेस्ट खेले थे। रूट ने इसके अलावा इंग्लैंड की ओर से 50 अर्धशतक भी लगाये हैं। इस साल वह अभी तक सबसे ज्याद चार शतक बनाने में सफल रहे हैं। जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में अब तक 200 कैच पकड़े हैं। इस प्रकार वह 200 कैच के क्लब में शामिल होने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले भारत के राहुल द्रविड़ के नाम 210 कैच जबकि श्रीलंका के महेला जयवर्धने के नाम 205 कैच हैं।

## थके हुए श्रीलंकाई आक्रमण का फायदा उठाए इंग्लिश बल्लेबाज

इंग्लैंड के वनडे विश्व कप 2019 विजेता कप्तान इयोन मोर्गन ने लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मेजबान टीम के बल्लेबाजी क्रम से अधिक रन आने की भविष्यवाणी की। इंग्लैंड ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 25 रन बना लिए थे और अब उसके पास श्रीलंका के खिलाफ तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले 256 रनों की विशाल बढ़त हासिल है। खासकर श्रीलंका को 196 रनों पर आउट करने के बाद मुकाबले पर इंग्लिश टीम की पकड़ मजबूत है। मुझे एक अवसर दिखाई देता है, चाहे वह सुबह का समय हो या दोपहर का, इंग्लिश बल्लेबाज थके हुए श्रीलंकाई आक्रमण का फायदा उठा सकते हैं। करीब 100 ओवरों की कड़ी मेहनत के बाद फिर गेंदबाजी करना आसान नहीं है। मॉर्गन ने कहा, केवल एक चीज जो खेल को प्रभावित कर सकती है, वह बारिश की आशंका और मौसम भी थोड़ा ठंडा है। लेकिन मुझे लगता है कि जब जो रूट मैदान पर और मध्यक्रम मजबूत होगा, तब हैरी ब्रूक पूरी ताकत से खेल सकते हैं।



इयोन मोर्गन की टीम खिलाड़ियों को सलाह

## अब अहमद शहजाद ने पीसीबी को सुनाई खरी-खरी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की निंदा रुकने का नाम नहीं ले रही है। इन्हीं निंदक की सूची में अहमद शहजाद का भी नाम जुड़ गया है। पाकिस्तान के घरेलू टूर्नामेंट से नाम वापस लेने वाले शहजाद ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उनकी कार्यप्रणाली को लेकर घेरा और उनका खिलाड़ियों के प्रति रवैया नौकरों की तरह बताया है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही। बांग्लदेश से उन्हें पहले टेस्ट में घरेलू मैदान पर ही हार झेलनी पड़ी। अब जब पीसीबी घरेलू ढांचे में बदलाव करने की सोच रहा है, तब शाहजाद ने सामने आ रहे रुझानों पर अपना विरोध जाहिर किया है। पीसीबी ने फिलहाल चैंपियंस वन-डे कप के दौरान वकार यूनिस, शोएब मलिक, मिस्बाह-उल-हक, सरफराज अहमद और सकलैन मुश्ताक को टीमों के लिए मेंटर नियुक्त किया है। इसने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए पाकिस्तान के पांच पूर्व दिग्गजों को नियुक्त किया। वहीं, शहजाद ने पीसीबी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हालत ऐसी है कि पीसीबी को कुछ नामों की जरूरत है जो उनकी रक्षा के लिए सामने खड़े हो सकें। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को जितना पैसा दिया जा रहा है, उतना ही उनका स्तर नीचे गिरता जा रहा है। कोई अनादर नहीं है लेकिन जैसे घरों में काम करने वाली नौकरानियां होती हैं और घर की महिलाएं थोड़ी-थोड़ी देर बाद गंदी जगहों के बारे में बताती हैं, वैसे ही पीसीबी का काम दिखता है। बहरहाल, शहजाद ने चैपियंस वनडे कप से नाम वापस ले लिया है। उन्होंने लिखा, भारी मन से, मैंने घरेलू क्रिकेट चैंपियंस कप में नहीं खेलने का फैसला किया है। पीसीबी का पक्षपात, झूठे वादे और घरेलू खिलाड़ियों के प्रति अन्याय अस्वीकार्य है।

## विनेश फोगाट ने राजनीतिक डेब्यू को लेकर कर दिया साफ, कहा- चुनाव से मतलब नहीं



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक से लौटने के बाद विनेश फोगाट की राजनीति से जुड़ने की अफवाहें हैं। अभी तक विनेश ने इस पर चुप्पी साधी हुई थी लेकिन शनिवार को शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन में पहुंचीं। विनेश से यहां भी राजनीति को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें चुनावों से कोई लेना देना नहीं है। विनेश फोगाट से पूछा गया कि अगर कांग्रेस उन्हें टिकट देती है तो क्या वह हरियाणा लोकसभा में चुनाव लड़ेंगी। जवाब देते हुए विनेश ने कहा कि, मैं चुनाव लड़ने को लेकर कुछ नहीं कहूंगी। मैं राजनीति के बारे में बात नहीं करूंगी। मैं अपने परिवार के पास आई हूं। अगर आप इसके बारे में बात करेंगे इनकी लड़ाई और संघर्ष को बर्बाद कर रहे हैं। आज फोकस मुझ पर नहीं है। साथ ही विनेश ने कहा कि, मैं आपसे अपील कर रही हूं। मैं एथलीट हूं, मैं पूरे देश की हूं। किस प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं इससे मेरा कोई मतलब नहीं होता है। मैं बस इतना जानती हूं कि मेरे देश के किसान मुश्किल में हैं। उनकी परेशानी को सरकार को खत्म करना चाहिए। ये सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। विनेश फोगाट ने आगे कहा कि, हर कोई मजबूरी में आंदोलन करता है। जब लंबा आंदोलन चलता है तो लोगों में उम्मीद आ जाती है। अपने लोग सड़क पर बैठेंगे तो देश तरक्की कैसे करेगा? मुझे लगता है कि अपने हक के लिए सड़क पर आना चाहिए।

## वैश्विक रुख और पीएमआई जैसे आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह वैश्विक रुख, वृहत आर्थिक आंकड़ों की घोषणा और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां घरेलू शेयर बाजार की चाल तय करेंगी। बाजार के विश्लेषकों ने यह बता कही है। इसके अलावा वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में उतार-चढ़ाव भी बाजार की दिशा प्रभावित करेंगे। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि फेडरल ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक सितंबर के मध्य में होनी है लेकिन उससे पहले बाजार की नजर अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों पर होगी। विनिर्माण पीएमआई, गैर-कृषि रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े इस सप्ताह जारी होने हैं। ये सभी उल्लेखनीय रूप से बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थागत पूंजी प्रवाह भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। घरेलू बाजार में तेजी के पीछे प्राथमिक कारण अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की बढ़ती उम्मीद और घरेलू निवेशकों की लिवाली है। वाहन बिक्री आंकड़ों की घोषणा के बीच इन कंपनियों के शेयरों पर नजर होगी। उन्होंने कहा कि अनुमान लगाया जा रहा है कि शेयर केंद्रित कदम के साथ बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। सप्ताह के दौरान जारी होने वाले वैश्विक वृहत आर्थिक आंकड़ों से घरेलू बाजार को संकेत मिलना जारी रहेगा। एक वरिष्ठ बाजार विशेषज्ञ ने कहा कि व्यापक स्तर पर खरीद समर्थन से मानक सूचकांक नई ऊंचाई पर पहुंच गए। पिछले सप्ताह जैक्सन होल बैठक में मिले संकेत के बाद अगले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद ने निवेशकों को अधिक आश्वस्त किया है। हालांकि, सतर्क रुख अपनाया जा सकता है और मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। इसका कारण, बाजार पिछले 12 कारोबारी सत्रों से चढ़ रहा है।



## गत चैंपियन नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन से बाहर

### कोको गॉफ अगले दौर में



**वाशिंगटन।** नोवाक जोकोविच भी चार सेट तक चले मुकाबले में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए लेकिन महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन ने6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया। कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के एक दिन बाद गत चैंपियन नोवाक जोकोविच भी चार सेट तक चले मुकाबले में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए लेकिन महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन ने6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया। जोकोविच ने मैच के बाद कहा,''ईमानदारी से कहूं तो यह मेरा अभी तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। यह मैच मेरे लिए किसी दुस्वप्न की तरह था। मैं अपने सर्वश्रेष्ठ के करीब भी नहीं खेल पाया।''' यह 2017 के बाद पहला अवसर है जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच साल में एक भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट नहीं जीत पाए। इससे पहले 2010 में भी ऐसा हुआ था। यही नहीं यह 2002 के बाद पहला अवसर है जबकि टेनिस के तीन दिग्गज खिलाड़ी जोकोविच, राफेल नडाल और रोजर फेडरर में से किसी ने भी किसी एक साल में ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी हासिल नहीं की। जोकोविच इससे पहले 2005 और 2006 में अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी 2011, 2015, 2018 और 2023 में यहां चैंपियन बना था। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले जोकोविच ने 14 बार डबल फॉल्ट किया और वह मैच के दौरान थके हुए नजर आ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के 25 वर्षीय पोपिरिन की जोकोविच के खिलाफ यह पहली जीत है। अब उनका मुकाबला अमेरिका के 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो से होगा जिन्होंने हमवतन बेन शेल्टन को 4-6, 7-5, 6-7 (5), 6-4, 6-3 से पराजित किया। महिला वर्ग में पिछली चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहला सेट गंवाने के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रही। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने 27वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 3-6, 6-3, 6-3 से हराकर अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। उनका अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा जिन्होंने तीन सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह सुरक्षित की। इस 13वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 19वीं वरीय मार्टा कोस्ट्युक पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत दर्ज की। महिला वर्ग में ही आर्यना सबालेंका ने पहला सेट हारने के बाद अच्छी वापसी कीऔर 29वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 2-6, 6-1, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई।

## पूर्व क्रिकेटर दानिश ने टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में खेलने से किया मना



**इस्लामाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने जाएगी या नहीं इस पर संशय बना हुआ है। अगले साल होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को दी गई है। इसको लेकर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने कहा है कि भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी नहीं खेलना चाहिए। पाकिस्तान में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को हाईब्रिड मॉडल के तहत ही खेला जाएगा। मतलब भारत के मुकाबले पाकिस्तान से बाहर कराए जाएंगे। यह बात पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने बयान पर पाकिस्तानश्हद्धहद्ध क्रिकेट में हंगामा मचना तय है। बीसीसीआई ने पहले ही साफ कर दिया है कि टीम इंडिया पाकिस्तान में जाकर कोई भी मैच नहीं खेलेगी। दानिश ने भारत के पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पर कहा कि पाकिस्तान को पहले भी कहता रहा है, कहता रहा था और आगे भी कहता रहेगा। टीम इंडिया पाकिस्तान खेलने नहीं जाएगी. क्यों जाए, आपकी जिद इतनी है तो टीम इंडिया के बिना ही खेल लीजिए। चैंपियंस ट्रॉफी है ठीक है समझ आता है लेकिन आप को सच्चाई भी देखनी चाहिए. पाकिस्तान की परिस्थिति कैसी है, यहां का माहौल कैसा है पाकिस्तान में. मेरा तो यही कहना है कि भारतीय टीम को पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने नहीं जाना चाहिए। बता दें आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में होना है। इसमें आठ टीमों के बीच कुल 15 मुकाबले खेले जाएंगे। 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच यह टूर्नामेंट खेला जाना है। यह टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट पर होगा।

## चोटिल शरीफुल इस्लाम, दूसरे टेस्ट से हुए बाहर



**रावलपिंडी।** बांग्लादेश टीम के तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम कमर की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। शरीफुल की जगह तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को टीम में शामिल किया गया है। तस्कीन को रिप्लेसमेंट के तौर पर प्लेइंग-11 में जगह मिली। इस तरह से वह एक साल बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बताया, बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शरीफुल की कमर में खिंचाव है। इसकारण पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं हो रहा है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पहले मैच के बाद कमर के क्षेत्र में तकलीफ की शिकायत की थी और बाद में किए गए परीक्षणों में चोट की पुष्टि हुई। बांग्लादेश टीम के फिजियो बैजेदुल इस्लाम खान ने बताया कि रावलपिंडी में पहले टेस्ट के बाद शरीफुल थोड़े परेशान थे। इसके बाद उनका एमआरआई करवाया। रिपोर्ट में ग्रेड 1 लेफ्ट एडक्टर स्ट्रेन दिखा। इसतरह के मामलों में रिकवरी में आमतौर पर करीब 10 दिन लगते हैं और उन्होंने अपना रिहैब शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं शरीफुल का भारत के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में दो टेस्ट मैचों की सीरीज में खेलना संदिग्ध है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने तीन विकेट चटकाए थे। शरीफुल ने बल्ले से भी कमाल किया और पहली पारी में 14 गेंदों पर 22 रन की पारी में दो छक्के लगाए। 2021 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले शरीफुल ने कुल मिलाकर 11 मैच खेले हैं और 33.72 की औसत से 25 विकेट लिए हैं। बांग्लादेश, जिसने रावलपिंडी में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, पाकिस्तान पर ऐतिहासिक पहली टेस्ट सीरीज जीत हासिल की। अगर दूसरा टेस्ट ड्रॉ होता है या बांग्लादेश की जीत होती है, तब यह मेहमान टीम के लिए एक बड़ी जीत होगी।

### मुक्केबाजी का भविष्य अधर में लटका

## एशियाई संघ ने आईबीए के पक्ष में मतदान किया



**नई दिल्ली।** मुक्केबाजी का ओलंपिक में भविष्य पहले ही अधर में लटका है और अब इस खेल की एशियाई संचालन संस्था ने निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के पक्ष में मतदान करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुप्त मतदान के जरिए किए गए मतदान में 21 देशों ने आईबीए के साथ बने रहने के पक्ष में जबकि 14 देशों ने इस खेल के संचालन के लिए गठित की गई नई संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के पक्ष में मतदान किया।

भारत के अलावा जिन अन्य देशों ने मतदान में भाग लिया उनमें बहरीन, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, चीनी ताइपे, तिमोर लेस्ते, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जापान, जॉर्डन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मकाऊ, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, फिलीपींस, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, श्रीलंका, सीरिया, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, तुर्कमेनिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, वियतनाम और यमन शामिल थे। भारत ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया। आईबीए का अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ विवाद चल रहा है। आईओसी ने तोक्यो और पेरिस खेलों के लिए ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की जिम्मेदारी संभाली थी। एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ (एएसबीसी) का वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने से इनकार करने के इस फैसले के बाद लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने को लेकर परेशानियां बढ़ गई हैं। मतदान के बाद आईबीए ने वर्ल्ड बॉक्सिंग पर निशाना साधते हुए कहा कि नई संस्था के पास प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए साधन की कमी है। आईबीए ने एक बयान में कहा, ''वर्ल्ड बॉक्सिंग के पास प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए किसी तरह का वित्त, विशेषज्ञता और समर्थन नहीं है। उनका मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है।''

एशियाई संस्था के समर्थन का स्वागत करते हुए आईबीए ने कहा कि इससे पिछले कुछ वर्षों में उसके अच्छे कामकाज की पुष्टि होती है। बयान में कहा गया, ''यह निर्णय (एएसबीसी द्वारा) दुनिया भर में मुक्केबाजी के विकास के लिए की गई आईबीए की वर्षों की कड़ी मेहनत और आईबीए मुक्केबाजी परिवार की सच्ची एकता को दर्शाता है।'' आईबीए ने उन राष्ट्रीय महासंघों पर भी निशाना साधा जिन्होंने गुप्त मतदान के दौरान उसके खिलाफ मतदान किया था। उसने बयान में कहा,'' ऐसे संगठन में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है जिसका मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है बल्कि केवल अपने नेतृत्व की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना है।

### आरोपी को शहडोल से पकड़ लाई सतना पुलिस

# शादी का वादा कर महिला से ऐंठे 19 लाख रुपए, फेसबुक पर हुई थी दोस्ती,



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दोस्ती कर महिला के साथ लाखों रुपए की ठगी करने वाले युवक को सतना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। साइबर सेल की मदद से पुलिस आरोपी को शहडोल से पकड़ कर ले आई।

जानकारी के मुताबिक, सतना की सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला के साथ शादी का वादा कर साढ़े 19 लाख रुपए की ठगी करने के आरोपी सतीश कुमार श्रीवास्तव पिता वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (26) निवासी ग्राम पोस्ट चितराव वार्ड क्र 9 थाना जयसिंह नगर जिला शहडोल को गिरफ्तार किया है। सतना पुलिस ने साइबर सेल की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की और फिर जयसिंह नगर में दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा। आरोपी को आईपीसी की धारा 420 के तहत अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि एक युवती ने 9 जून को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि आरोपी सतीश श्रीवास्तव से उसकी जान पहचान फेसबुक के जरिए हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती गहराई तो आरोपी ने युवती के साथ शादी का वादा किया और फिर इमोशनल ब्लैकमेल कर उससे रुपए ऐंठने लगा। उसने कई बार मे अलग-अलग किश्तों में युवती से 19 लाख 52 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। इतनी रकम देने के बाद जब युवती ने शादी के लिए कहा तो सतीश मुकर गया।

युवती ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। लगभग ढाई महीने बाद साइबर सेल को उसकी लोकेशन मिली तो जयसिंह नगर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई में टीआई सिविल लाइन योगेंद्र सिंह, साइबर सेल के सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह, एएसआई दीपेश सिंह, रोहिणी वर्मा, आरक्षक अंकेश मरमट तथा सूर्यदेव शामिल रहे।

# बीटेक के छात्रों ने जाना स्काडा का सिस्टम

### कैसे सर्विलांस कैमरे करते हैं निगरानी, स्टूडेंट्स ने कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की एजुकेशनल विजिट की



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैकेनिकल इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स ने स्मार्ट सिटी सतना के कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की एजुकेशनल विजिट कर कामकाज के तरीके जाने और तकनीकी बारीकियां समझीं। शहर में संचालित एकेएस युनिवर्सिटी में मैकेनिकल ब्रांच से बीटेक की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स ने रविवार को धवारी स्थित स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का भ्रमण किया। सिटी मैनेजर ई गवर्नेंस दीपेंद्र सिंह राजपूत ने स्टूडेंट्स को बताया कि इस सेंटर से शहर में संचालित व्यवस्थाओं की जानकारी दी। स्टूडेंट्स को वाटर स्काडा सिस्टम ,सिटी बस ट्रैकिंग, कचड़ा वाहनों की निगरानी के सिस्टम दिखाए और उनसे जुड़ी जानकारियां देते हुए बताया गया कि ये तकनीकी कैसे काम करती है। इसके अलावा स्टूडेंट्स को मेयर हेल्प लाइन का काम और सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की तकनीकी बारीकियों से भी परिचित कराया गया। बता दें कि, सतना स्मार्ट सिटी अंतर्गत स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर द्वारा कई नगरीय सेवाओं का इंटीग्रेशन किया गया है। जिससे ई गवर्नेंस एवं तकनीक के माध्यम से म्यूनिसिपल और अन्य कार्यालयीन सेवाओं को दक्षता पूर्वक क्रियान्वित किया जा सके।

मॉडर्न ICCC द्वारा संचालित सेवाओं और रियल टाइम ऑपरेशन संबंधित तकनीकी जानकारियां से सतना के हर स्कूल और कॉलेज के छात्रों को परिचित कराया जा रहा। स्मार्ट सिटी सतना के चैयरमेन और कलेक्टर अनुराग वर्मा तथा कमिश्नर शेर सिंह मीणा की भी स्टूडेंट्स को टेक्निकल सिस्टम से रुबरू कराने में खासी दिलचस्पी है।

# आपस मे टकराकर पलटे ट्रैक्टर और ऑटो रिक्शा



### चित्रकूट में सड़क हादसा, महिला की मौत, 4 लोग हुए घायल



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले की धार्मिक नगरी चित्रकूट में सोमवती अमावस्या मेले की बढ़ रही भीड़ के बीच हुए एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जानकी कुंड अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के मुताबिक, चित्रकूट में रजौला मार्ग पर स्थित मिश्रा ढाबा के पास रविवार की दोपहर ट्रैक्टर और ऑटो रिक्शा में भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन आपस मे टकराने के बाद सड़क से नीचे उतरकर पलट गए। हादसे में ऑटो सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि 4 लोग घायल हो गए।

राहगीरों और आसपास के लोगों ने उनकी मदद की और चित्रकूट पुलिस को सूचना दी। घायलों को चित्रकूट के सद् गुरु सेवा संघ अस्पताल जानकी कुंड ले जाया गया है। बताया जाता है कि मृतका और ऑटो सवार घायल उत्तर प्रदेश के ललितपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे सोमवती अमावस्या के अवसर पर चित्रकूट में दर्शन-पूजन करने आए थे। टीआई पंकज शुक्ला ने बताया कि अभी मृतका और घायलों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस विवेचना कर रही है।

### अफवाह फैलाने के साथ धमकी देने का भी आरोप था

# चौकीदार को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाला गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर में चोरी के संदेह में थाना बुलाए गए एक युवक की रहस्यमयी मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले को मैहर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, मनोज कोल नामक युवक की आत्महत्या के मामले में मैहर थाना पुलिस ने आरोपी संतोष पटेल पिता लक्ष्मण पटेल निवासी कटिया मैहर को गिरफ्तार कर लिया है।

उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 108 और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक मनोज कोल और उसकी पत्नी आरोपी संतोष पटेल के यहां चौकीदारी का काम करते थे। संतोष पटेल ने 29 अगस्त को मृतक के खिलाफ चोरी की शिकायत की तो मनोज कोल को दोपहर में थाना पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

उसके बाद में उसे छोड़ दिया गया था। उसी रात मनोज कोल ने जहरीला पदार्थ निगल लिया जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में यह चर्चा तेजी से सुर्खियों में आ गई थी कि पुलिस की प्रताड़ना से तंग आ कर मनोज ने आत्महत्या कर ली।

हालांकि, जब पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि आरोपी संतोष पटेल लगातार मृतक को परेशान कर रहा था। वह उसकी पत्नी के बारे में गलत बातों का दुष्प्रचार कर रहा था। अफवाह फैला रहा था और धमका रहा था। इससे तंग आकर मनोज ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

# प्रभारी मंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री और मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने रविवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। राज्यमंत्री ने मां शारदा की सांध्य आरती में शामिल होकर प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रभारी मंत्री श्रीमती सिंह ने मंदिर परिसर में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट के संगीत मय कार्यर्‍ म संगीत महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा आयोजित कार्यर्‍ म में भी शामिल हुई। इस मौके पर सांसद गणेश सिंह, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, जिलाध्याक्ष कमलेश सुहाने सहित अन्य जनप्रतिनिध तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु प्लेसमेंट ड्राइव आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शासकीय आईटीआई सतना के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि 2 सितम्बर को प्रातः 10 बजे प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन शासकीय आईटीआई में किया जा रहा है। जिसमें हीरो मोटो कार्पो लिमिटेड राजस्थान कंपनी शामिल होंगी। इस दौरान शैक्षणिक योग्यता में 10वी, 12वीं, तथा आईटीआई से (एनसीवीटी एवं एससीवीटी) फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिक, टर्नर, डीजल मैकेनिक, मोटर, मैकेनिक व्हीकल, कोपा में वर्ष 2021 से 2023 उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष 2024 की परीक्षा में शामिल पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। आवेदकों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 24 वर्ष तथा हाइट 5 फीट एवं वजन 45 किलोग्राम होना निर्धारित है। आवेदक को अपने साथ बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, वोटर कार्ड, पासपोर्ट साइज के फेटो एवं शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज साथ में लाना अनिवार्य है।

# जिला अंत्यावसायी समिति के कमलेश्वर सिंह को सौंपा प्रभार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला संयोजक अविनाश पाण्डेय के 31 अगस्त 2024 को सेवानिवृत होने के फलस्वरूप जिला जनजातीय कल्याण विभाग के जिला संयोजक और जिला अंत्यावसायी समिति के सीईओ का प्रभार कमलेश्वर सिंह को सौंपा गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार शासन स्तर से नियमित जिला संयोजक की पदस्थापना किये जाने तक कमलेश्वर सिंह परियोजना अधिकारी एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना सतना को अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अन्त्यावसायी का अतिरिक्त प्रभार (आहरण संवितरण सहित) सौंपा गया है।

### नगरीय विकास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी 4 सितंबर को सतना आयेंगी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी 4 सितंबर को प्रातः 9:30 बजे रीवा एक्सप्रेस से सतना पहुंचेंगी।

# महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्रों की प्रवेश परीक्षा 2 से 6 तक



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा प्रदेश के महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2 सितंबर से 6 सितंबर तक सतना जिले के एक परीक्षा केन्द्र मां मीरा कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल वैष्णो देवी मंदिर डाली बाबा डेलौरा सतना में आयोजित होगी। आनलाईन परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग का समय प्रथम पाली में 7 से 8 बजे और द्वितीय पाली में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक नियत किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने परीक्षा के लिए अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे को सहायक समन्वयक, एसडीएम नीरज खरे को प्रशासनिक आब्जर्वर, महेन्द्र सिंह चौहान सीएसपी को सुरक्षा समन्वयक तथा प्राध्यापक गेहचन्द पटेल और ई-दक्ष के सतीश पाण्डेय को आब्जर्वर बनाया है। कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्र मांक एफ 17 में कन्ट्रोल रूम बनाकर प्रातः 10 बजे से कर्मचारियों की डयूटी भी लगाई गई है।

# पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर चार को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में विभिन्न विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए चार सितम्बर को पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आरंभ होगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि शिविर में 31 अगस्त तक सेवानिवृत्त सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरण से संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी एवं कार्यालय प्रमुख प्रस्तुत करें। शिविर में पेंशन प्रकरण से संबंधित अभिलेखों तथा प्रभारी कार्यालय सहायक के साथ उपस्थित होकर पेंशन प्रकरणों की समस्त कमियाँ दूर कराकर सेवानिवृत्त शासकीय सेवक का पीपीओ जारी कराएं।

# समदड़िया गोल्ड सिनेमा हाल में गए दंपति के साथ अभद्रता

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के समदड़िया गोल्ड सिनेमा हाल में फिल्म देखने गए दंपति के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत अमहिया थाने में की गई है। पीड़िता दीपा शर्मा के मुताबिक उनके पति डॉक्टर मुकेश अधिवक्ता हैं। दोनों लोग समदड़िया गोल्ड सिनेमा हाल में मूवी देखने गए थे, जहां लंच ब्रेक में उन्होंने समोसे लिए, खाने के दौरान उसमें कीड़े नज़र आये और बद्बू भी आ रही थी। इसकी शिकायत करने पर प्रबंधन द्वारा पति-पत्नी पर ही गंभीर आरोप लगाते हुए अभद्रता की गई। पीड़िता के मुताबिक उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई है। दोनों को करीब दो घंटे तक बैठाये रखा गया। जिसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# हर घर से सदस्य बनाने का संकल्प लेकर जुटें भाजपा कार्यकर्ता

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भाजपा मऊगंज जिला कार्यालय में मोर्चा एवं प्रकोष्ठोंकी संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसे संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि भाजपा ही देश की एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है जिसमें आंतरिक संगठनात्मक चुनाव से पहले सदस्यता की जाती है सदस्यता के बल पर ही बूथ स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक चुनाव होते हैं यही हमारी लोकतांत्रिक कार्य पद्धति सभी राजनीतिक दल से अलग बनाती है भाजपा जिला अध्यक्ष नेजानकारी देते हुए बताया कि 5 सितंबर को मऊगंज जिले के सभी 518 मतदान केदो में एक साथ सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जाएगा जिले के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम द्वारा ग्राम कांटी से इसका शुभारंभ 5 सितंबर को किया जाएगा उसी दिन जिले के हर बूथ में कार्यक्रम आयोजित कर 150 सदस्य बनाए जाएंगे मऊगंज जिले में 2 लाख सदस्यता का लक्ष्य रखा गया है भाजपा जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि यह अवसर आप सबको हर क्षेत्र में सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करने की अपील की और कहा कि पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है मऊगंज के सभी शक्ति केदो में कार्यशालाएं पूरी हो चुकी है हर मतदान केंद्र में 5 सितंबर को एक वक्त और 10 सदस्य कमेटी बना दी गई है जो सदस्यता अभियान के कार्यक्रम को व्यवस्थित पूरा करेगी हमें अपना सर्वोच्च समर्थ लगाकर अभियान को पूरा करना है 2 सितंबर को राष्ट्रीय स्तर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पार्टी की सदस्यता लेकर सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे इस अवसर पर भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर एलईडी के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को दिखाया जाएगा और नगर के प्रबुद्ध जनों को सम्मानित भी किया जाएगा बैठक में जिला महामंत्री सरिता पटेल महेंद्र सिंह प्रकाश चौरसिया विपिन मिश्रा मुरलीधर द्विवेदी शिवदत्त मिश्र विनोद कोल श्रीमती संतोष सिंह शाहिद पार्टी नेता उपस्थित रहे।

### भाजपा उपाध्यक्ष के इस्तीफे के बाद सियासी बयानबाजी

# भाजपा महामंत्री बोले- दो दिनों से फोन बंद कर रखे थे अरुण, अब कोई संबंध नहीं!




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष के इस्तीफे के बाद सियासी बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। जहां दोनों पक्षों में वार-पलटवार का दौर लगातार जारी है। जानकारी के मुताबिक भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी मुन्नू ने कल ही वार्ड क्रमांक 5 से पार्षदी का टिकट ना मिलने से नाराज होकर इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने के साथ ही उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर दिया है। साथ ही भाजपा पर वादा खिलाफी के आरोप भी लगाए थे। उनका कहना था कि पार्टी ने उन्हें वादा किया था कि वार्ड क्रमांक 5 से उन्हें टिकट दिया जाएगा। लेकिन अंत समय में किसी और को टिकट दे दिया गया।

**भाजपा ने किया पलटवार:** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष के इस्तीफे और बयान बाजी के बाद भाजपा की तरफ से भी पलटवार किया गया है। भाजपा के जिला मंत्री अशोक सिंह ने कहा कि इस्तीफा के बाद अब अरुण तिवारी मुन्नू से हमारा कोई संबंध नहीं है। हमने उन्हें मनाने की पूरी कोशिश की। लेकिन पिछले दो दिनों से उनका फोन बंद आ रहा था। वे जान-बूझकर पार्टी से संपर्क नहीं करना चाहते थे। जिस वजह से उन्होंने अपना फोन बंद कर लिया था। पार्टी ने उन्हें टिकट देने का वादा नहीं किया था। अभी हाल ही में पार्टी ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष का महत्वपूर्ण पद सौंपा था। पार्टी आगे भी उनके बारे में जरूर विचार करती। लेकिन उन्होंने पार्टी के प्रति वफादारी नहीं दिखाई। इसलिए अब उनसे कोई संबंध नहीं रखा जाएगा। उनके चुनाव में लड़ने से पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। भाजपा का प्रत्याशी ही जीतने वाला है।

**2005 में भाजपा से जुड़े थे अरुण:** अरुण तिवारी ने बताया कि मैं भारतीय जनता पार्टी से 2005 में जुड़ा था। मैंने पार्टी और संगठन के विभिन्न पदों में काम किया है। मैंने अब तक भाजपा में युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष,रीवा मंडल के मंत्री, रीवा मंडल उपाध्यक्ष,जिला मीडिया सह प्रभारी और जिला उपाध्यक्ष के रूप में काम किया है।

**11 सितंबर को होने हैं उप चुनाव, कांग्रेस ने की मीटिंग:** उधर जिला कांग्रेस कमेटी ने वार्ड क्रमांक 5 में होने वाले चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। 11 सितंबर को उप चुनाव होना है। जिसके लिए कांग्रेस पार्टी ने अमित द्विवेदी बेटू को पार्षद पद का प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस ने मीटिंग में चुनाव जीतने की रणनीति तैयार की। जानकारी के मुताबिक जिले में जनपद सदस्य के एक और विभिन्न ग्राम पंचायतो में पंच के 23 पदों के लिए भी चुनाव होने हैं।

# नशे से बचाव की समझाइश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के प्रत्येक स्कूल का शुभारंभ सामूहिक प्रार्थना सभा से होता है। सभी स्कूलों में नियमित रूप से प्रार्थना सभा आयोजित की जाती हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी प्राचार्यों तथा प्रधानाध्यापकों को स्कूल की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को नशे से बचाव की समझाइश देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि नशीले पदार्थ के सेवन से तन, मन और धन तीनों की हानि होती है। नशा पारिवारिक कलह, सामाजिक समस्याओं तथा अपराधों का प्रमुख कारण है। विद्यार्थियों को नशे से बचाव के लिए जागरूक करें। विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा देश के जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करें। स्कूल परिसर को भी नशे से पूरी तरह से मुक्त रखें। स्कूल परिसर में नशीले पदार्थों का सेवन कराने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें।

# दवा का किया जा रहा वितरण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले में मलेरिया से प्रभावित गांवों में मलेरिया नियंत्रण के लिए होम्योपैथिक दवा मलेरिया ऑफ 200 का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आयुष अधिकारी डॉ शारदा मिश्रा ने बताया कि अब तक मलेरिया से प्रभावित कई गांवों में दवा का वितरण किया जा चुका है। दवा वितरण का दूसरा सितम्बर माह में चलाया जाएगा। दूसरे चरण में 5 सितम्बर को चिन्हित गांवों में मलेरिया ऑफ दवा का वितरण किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।